# भारत देश हमारा

( 2 ) पटियाला शनिवार 20 अप्रैल 2024

## इजराइल का ईरान पर हमला विश्व में मचेगा हाहाकार

इजरायल ने ईरान के ऊपर जवाबी हमला कर दिया है। इस जवाबी हमले के बाद सारी दुनिया के देशों में हाहाकार मचना तय है। इजराइल ने ईरान के कई शहरों और एयरपोर्ट पर खतरनाक मिसाइलों से हमला किया है। ईरान के इसाफहान शहर के एयरपोर्ट पर जबरदस्त धमाका सुना गया है। यहीं पर ईरान की न्यूक्लियर साइड भी मौजूद है। इस हमले के दो महत्वपूर्ण प्रभाव सारी दुनिया के देशों में होंगे। पहला कच्चे तेल की आपूर्ति प्रभावित होने से तेल के दाम बड़ी तेजी के साथ बढ़ेंगे। इसमें दुनिया के वह देश जो इस लड़ाई में प्रत्यक्ष रूप से शामिल नहीं हैं, उनके ऊपर भी इस युद्ध का असर होगा। दूसरा जो देश प्रत्यक्ष रूप से इस युद्ध में भाग लेंगे या समर्थन दे रहे हैं उन देशों को भी इसका बड़ा खामियाजा भुगतना पड़ेगा। भारत के लिए यह बड़ी चिंता का विषय है। भारत के संबंध ईरान और इजराइल दोनों के साथ हैं। गुरुवार की रात को इजराइल ने ईरान के इसाफ़न प्रांत में हमला किया है। यहां पर ईरान के परमाणु ठिकाने और यूरेनियम संवर्धन प्रमुख केंद्र हैं। ईरान और इजरायल के बीच चल रहे तनाव का मामला संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद में भी उठा था। सुरक्षा परिषद भी दोनों देशों के तनाव को कम करने में कोई सार्थक भूमिका नहीं निभा पाई। इजराइल के जवाबी हमला करने के बाद भारत को आर्थिक और सामरिक दृष्टि से बड़ा नुकसान होना तय है। ईरान की फौज ने इजराइल का एक माल वाहक जहाज जप्त करके रखा है। इसमें 25 चालक दल में 17 भारतीय थे। ईरान ने मात्र एक महिला चालक को छोड़ा है। शेष सभी ईरान की हिरासत में हैं। इजराइल और ईरान लंबे समय से एक दूसरे के ऊपर छुटपुट हमले करते रहे हैं। लेकिन अब इस युद्ध में अमेरिका, यूरोपीय देशों के साथ-साथ रूस और चीन भी हस्तक्षेप कर रहे हैं। इस कारण तीसरे विश्व युद्ध की आशंका बन गई है। 1 अप्रैल को इजराइलियों ने दमिशक में एक ईरानी काउंसलेट पर हमला किया था। इस हमले में ईरान के साथ वरिष्ठ अधिकारी मारे गए थे। इस हमले के बाद ईरान को इजराइल के खिलाफ सीधी जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी। बदले में गुरुवार की रात इजराइल ने भी ईरान पर सीधा जबाबी हमला कर दिया है। जिसके कारण सारी दुनिया के देशों में तनाव की स्थिति बन गई है। ईरान के हमले से बचाव के लिए अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जॉर्डन और सऊदी अरब इजराइल की मदद में खड़े हुए हैं। दूसरी ओर ईरान की सहायता के लिए रूस और चीन खुलकर सामने आ गए हैं। इजराइल द्वारा गाजा में जिस तरीके का विनाश हमास से युद्ध करने के नाम पर फिलिस्तीनी नागरिकों का किया है। संयुक्त राष्ट्र संघ और सुरक्षा परिषद की बात को इजराइल ने नहीं माना। उसके बाद से ही स्थिति दिन प्रतिदिन खराब होती चली जा रही है। 7 अक्टूबर को इजराइल ने हमास के ऊपर हमला किया था। उसके बाद भारत ने सऊदी अरब, ईरान, इजराइल, मिश्र और फिलिस्तीन के नेताओं से युद्ध को रोकने के लिए अपने स्तर पर सभी ने प्रयास किए, लेकिन भारत के कोई भी प्रयास सफल नहीं हुए। इजराइल लगातार हमास पर हमला करता रहा। हजारों लोगों की मौत हो गई। अक्टूबर से अभी तक चल रहे इस युद्ध में इजराइल के हाथ भी कुछ नहीं आया है। फिलिस्तीन और गाजा में भारी नुकसान हुआ। वहां की आम जनता को सबसे ज्यादा नुकसान उठाना पड़ा। ऐसा नरसंहार इसके पहले कभी दुनिया के किसी भी देश में देखने को नहीं मिला। इजराइल और हमास के युद्ध में एक साथ हजारों बच्चों और महिलाओं की मौत हुई है। वहां पर भुखमरी फैली हुई है। रेड क्रॉस और अन्य संस्थाएं वहां मदद नहीं पहुंचा पा रही हैं। भारत के ईरान और इजरायल के साथ बहुत अच्छे संबंध हैं। भारत ने इजराइल से 2।9 अरब डालर मूल्य के मिसाइल, रडार, निगरानी ड्रोन, लड़ाकू विमान इत्यादि खरीदे हैं। अमेरिका का प्रतिबंध होते हुए भी भारत ने तेल, गैस ईरान से बड़ी मात्रा में खरीदा है। ईरान से कच्चे तेल का सबसे बड़ा आयातक भारत है। जिस तरह से ईरान और इजरायल एक दूसरे के ऊपर हमले कर रहे हैं। इसका बड़ा असर कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति पर होगा। कच्चे तेल और गैस की कीमतें बड़ी तेजी के साथ बढ़ सकती हैं। इसका असर सारी दुनिया के देशों में होगा। जल मार्ग भी बाधित होगा। जिसके कारण आयात और निर्यात को लेकर बहुत बड़ी बाधा उत्पन्न होगी। इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते हुए तनाव से तीसरे विश्व युद्ध की आशंका से सारी दुनिया के देश भयाक्रांत हैं। आश्चर्य की बात यह है, कि संयुक्त राष्ट्र संघ और सुरक्षा परिषद जैसी अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं शांति बहाल करने में अपना योगदान नहीं दे पा रही हैं। इसने चिंता को और भी बढ़ा दिया है। यूक्रेन और रूस के बीच में पहले ही युद्ध चल रहा है इजराइल और हमास के बीच में भी पिछले 7 महीने से भयंकर युद्ध हो रहा है दुनिया के देश दो भागों में बट रहे हैं परमाणु हमले की आशंका जताई जा रही है ऐसी स्थिति में यदि तृतीय विश्व युद्ध हुआ तो यह अभी तक के विनाश का सबसे बड़ा कारण बनेगा। प्रथम विश्व युद्ध और द्वितीय विश्व युद्ध के समय लड़ाई के इतने संसाधन और नए-नए तौर तरीके विकसित नहीं थे, लेकिन वर्तमान संदर्भ में एक से एक बढ़कर विनाशकारी हथियार दुनिया के अधिकतर देशों के पास हैं इससे स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है।

### आम चुनाव: विपक्षी गठबंधन उम्मीदों के मुताबिक नहीं दिख रहा....

## मोदी जी का आत्मविश्वास, विपक्ष का आत्मघात, जनता हो रही परास्त

– **विनोद तकियावाला**

*लोकतंत्र के चुनावी मेले में, चुनावी बान्ड का खेल तो हो गया है लैकिन लोक सभा के चुनाव में खिलाड़ी कौन जीतेगा कौन हारेगा यह अभी अतीत के गर्भ है।इसके 4 जुन का इंतजार हमे व आपको करना होगा।*विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत भारत की राजधानी में दिल्ली, दिलवालों की शहर दिल्ली इन दिनों सम्पूर्ण विश्व के लिए चर्चा व चिन्तन-मनन का केन्द्र बना हुआ। राष्ट्रीय व अर्न्तराष्ट्रीय राजनीतिक मनीषियों के मंथन-मैराथन में व्यस्त है। हो भी क्यूँ नही,दुनिया के सबसे बड़े प्रजातंत्र में आम चुनाव 2024 का महापर्व आ चुका है।भारतीय राजनीति के बदलते परिपेक्ष में घटती घटना क्रम में कई बाते छन-छन कर बाहर निकल कर आ रही है। चुनावी मौसम के मेले में चुनावी बान्ड का खेल क्या है।लोकतंत्र के इस महापर्व मे राजनीतिक दलों द्वारा चुनाव में हिस्सा लेने व चुनावी खर्च के लिए अपने अपने श्रोतो से चंदा लेने की पुरानी प्रथा थी।जिसको लेकर समय के साथ नियम व तौर तरीके में बदलाव किये जाते रहे है।भारतीय राजनीति में परिवर्तन का दौर आया,केन्द्र में भाजपा व एन डी ए की सरकार बनी,भाजपा व उसकी सहयोगी दलों की बनी केन्द्र सरकार पर भरोसा जताया पुन: सन् 2019 में भाजपा व एन डी ए की सरकार केन्द्र की सता पर प्रचंड बहुमत के साथआसीन हुई।इस बार कई परिवर्तन की ऐसी आँधीआई जिसमे कई संविधान संशोधन व कानून में आमूल चूल परिवर्तन किया गया।इसमें राजनीतिक दलों द्वारा चंदा लेने की



प्रक्रिया में परिवर्तन किया।ताकि राजनीतिक दान देने वाले-चंदा लेने वाले राजनीतिक दलों के मध्य पारदर्शिता हो।लैकिन यर्थाथ की घरातल पर कुछ अलग ही देखने को मिला।जिसका लाभ राष्ट्रीय चुनावी चंदा लेने में भाजपा ने मारी बाजी, जिसने दिया चंदा उसको भरपूर धंधा मिला।*मेघा इंजीनियरिंग एंड इनफ्रास्ट्रक्चर्स लिमिटेड को दिया गया था कश्मीर से लद्दाख तक की सुरंग बनाने क़ा ठेका* ।विपक्षी दलों के द्वारा इस संदर्भ में समय-समय पर आरोप लगाया। सन 2024 के लोकसभा का चुनावी वर्ष आ गया।चुनाव आयोग द्वारा लोक सभा चुनावों की घोषणा हो गई।उधर विपक्ष द्वारा चुनावी चंदे-चुनाव बाण्ड का मामला सुप्रीम कोर्ट में पहुंची।देश की सर्वोच्च्य न्यायलय द्वारा देश के सबसे बैक एस बी आई से वस्तुस्थिति जाननी चाही तो भारतीय स्टेट बैक द्वारा गोल मटोल जबाब दिया गया।इस पर सर्वोच्च न्यायलय द्वारा शक्त रुख अपनाते हुए आदेश दिया कि एस बी आई चुनाव आयोग को सारी जानकारी तय सीमा के अन्दर उपलब्ध करायें ताकि चुनाव आयोग इसेअपने आधिकारिक वेबसाइट पर चुनावी वाँन्ड का ब्योरा डाले,अन्तोगत्वा ऐसा हुआ - सारी जानकारी सार्वजिक कर द दी गई।इसके बाद ये अब साबित हो चुका है कि लोकतंत्र के चुनावी मेले में चुनावी बान्ड के खेल मे भाजपा को सबसे बडा दूसरे नम्बर पर चंदा देने वाली कंपनी मेघा इंजीनियरिंग एंड इनफ्रास्ट्रक्चर्स लिमिटेड है।जिसे उसका इनाम उसे भाजपा की केन्द्र सरकार द्वारा भारत सरकार में सबसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट जोजिला टनल को बनाने के रूप में मिला है।चुनावआयोग ने जैसे ही चुनावी बॉन्ड से जुड़ा डेटा शेयर किया हर कोई इसके विश्लेषण में जुट गया है।विपक्षी खेमा के कान खड़े हो गए। आपको बता दें कि चुनावी चंदा पाने वालों में बीजेपी को सबसे ज्यादा 6,060 करोड़ रुपये मिले।इसके बाद तृणमूल कांग्रेस को 1,609.50 करोड़ और तीसरे नंबर कांग्रेस को1,421.9 करोड़ रुपये मिले।भारतीय निर्वाचन आयोग ने इलेक्टोरल बॉन्ड से जुड़ा डेटा जारी कर दिया है।वस्तु स्थिति स्पष्ट करने के लिए पिछले घटनाक्रम पर नजर डालते है। सर्व विदित रहे कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने12 मार्च को चुनाव आयोग से इलेक्टोरल बॉन्ड संबंधी डेटा उपलब्ध कराया था।चुनाव आयोग की ओर से डेटा जारी करने के बाद हर कोई ये जानना चाहता है कि किस पार्टी को सबसे ज्यादा चुनावी चंदा मिला,वहीं दूसरे और तीसरे नंबर पर कौन है।इस डेटा के मुताबिक, बीजेपी सबसे ज्यादा चुनावी चंदा हासिल करने वाली पार्टी बनी है।बीजेपी को 60 अरब से ज्यादा का चंदा मिला। हालांकि,दूसरे नंबर देश की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस नहीं है।अब आप ये जानना चाहते होंगे कि दूसरे नंबर पर कौन सी पार्टी है।बीजेपी चुनावी बॉन्ड पाने वाली सबसे बड़ी पार्टी है।उसे12अप्रैल, 2019 से 24 जनवरी,2024 तक 6,060 करोड़ रुपये प्राप्त हुए।ये भुनाए गए कुल बॉन्ड का 47.5 फीसदी है।दूसरे नंबर पर ममता बनर्जी की पार्टी ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस(ञ्जरूष्ट) रही।टीएमसी ने चुनावी चंदे के तहत1,609 करोड़ रुपये प्राप्त किए।उसके बाद कांग्रेस का नंबर रहा,जिसे1,421करोड़ रुपये मिले।इस लिस्ट में अगला नंबर भारत राष्ट्र समिति है।उन्हें 1214 करोड़ रुपये चुनावी बॉन्ड के तौर पर मिले।इसके बीजू जनता दल है,जिन्हें 775 करोड़ रुपये मिले।बीजेडी के बाद द्रविड़ मुनेत्र कड़गम(डीएमके) है,जिसे 639 करोड़ रुपये चुनावी चंदे में मिला। भारतीय निर्वाचन आयोग(श्वष्टढ्ढ) की ओर से स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की ओर से साझा की गई डिटेल्स के बाद चुनावी बॉन्ड को लेकर यह डेटा जारी किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने 15 मार्च तक भारतीय निवार्चन आयोग की वेबसाइट पर इसे सार्वजनिक करने का आदेश दिया था।एस बी आई ने अपने रिपोर्ट में बताया कि अप्रैल 2019 से फरवरी 2024 के बीच अलग-अलग राजनीतिक दलों की ओर से 22,217चुनावी बॉन्ड की खरीद और इस्तेमाल पर पूरा डेटा जारी किया है।इस जानकारी को दो हिस्सों में जारी किया गया है।पहले हिस्से में 336 पन्नों में उन कंपनियों के नाम हैं जिन्होंने इलेक्टोरल बॉन्ड ख़रीदा है और उसकी राशि की जानकारी भी दी गई है।जबकि दूसरे हिस्से में 426 पन्नों में राजनीतिक दलों के नाम हैं और उन्होंने कब कितनी राशि के इलेक्टोरल बॉन्ड कैश कराए उसकी विस्तृत जानकारी है।यह जानकारी 12 अप्रैल,2019 से11जनवरी, 2024 के बीच की है।सर्व विदित रहे सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई को 12 मार्च तक इलेक्टोरल बॉन्ड की ख़रीद से जुड़ी जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था।अदालत ने चुनाव आयोग से इस जानकारी को15मार्च की शाम पांच बजे तक अपनी वेबसाइट पर सार्वजनिक करने का भी निर्देश दिया था।जिसके अनुसार बीजेपी ने इस अवधि में कुल 60 अरब रुपये से अधिक के इलेक्टोरल बॉन्ड को भुनाया है।वहीं इस मामले में दूसरे नंबर पर तृणमूल कांग्रेस है,जिसने16 अरब रुपये से अधिक के इलेक्टोरल बॉन्ड को इनकैश किया है।वहीं सबसे ज्यादा इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदने वाली कंपनी फ़्यूचर गेमिंग एंड होटल सर्विसेज़ है।इस कंपनी ने कुल 1368 बॉन्ड खरीदे,जिसकी क़ीमत13.6अरब रुपये से अधिक रही।चुनाव आयोग की ओर से जारी चुनावी बॉन्ड इनकैश करवाने वालों की लिस्ट में बीजेपी पहले और ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस दूसरे नंबर पर है।इस मामले में तीसरे नंबर पर अध्यक्ष, अखिल भारतीय कांग्रेस समिति है जिसने14 अरब रुपये से अधिक के इलेक्टोरल बॉन्ड को इनकैश किया है।इसके बाद भारत राष्ट्र समिति ने 12 अरब और बीजू जनता दल ने 7 अरब से अधिक के चुनावी बॉन्ड को इनकैश किया है।इस मामले में पाँचवें और छठे नंबर पर दक्षिण भारत की पार्टियां डीएमके और वाईएसआर कांग्रेस (युवासेना) रहीं।

## क्या अब नेता यूपीएससी के जरिए चुने जाने चाहिएं

**राकेश अचल**

चूंकि मै किसी राजनीतिक दल का प्रचारक नहीं हूँ इसलिए मुझे केंचुआ रंजीत सिंह सुरजेवाला की तरह 48 घंटे के लिए बैन नहीं कर सकता। मै रोजाना आपके लिए लिखता हूँ और आज भी लिख रहा हूँ। आज मैंने संघ लोकसेवा आयोग के नतीजों की खबर पढ़ी तो मुझे ख्याल आया कि क्यों न देश में सांसदों के चयन के लिए संघ लोकसेवा आयोग को ही मुकरज़र कर दिया जाए। यूपीएससी यानि संघ लोकसेवा आयोग वैसे भी लोक सेवक ही तो चुनता है ,फ्रि नेताओं को क्यों नहीं चुन सकता ? आखिर नेता भी तो लोकसेवक ही होते हैं यूपीएससी का इतिहास काफ्री पुराना है। ये संगठन 1854 से देश के लिए लोक सेवक चुनता आ रहा है। पहले ये आईसीएस चुनता था लेकिन 1922 से आईएएस चुन रहा है। पहले यूपीएससी का नाम एफ्प्रीएससी था लेकिन भारत की आजादी के बाद जैसे ही देश में नया संविधान बना इसका नाम यूपीएससी हो गया। यूपीएससी को मै केंचुआ से ज्यादा महत्वपूणज़ मानता हूँ ,क्योंकि केंचुआ तो देश के लिए पांच साल में एक बार 543 लोक सेवक चुनता है लेकिन यूपीएससी तो लगातार ये काम करता है। इस साल भी यूपीएससी सीएसई 2023 के परिणामों में 1143 रिक्त पदों के मुकाबले 1016 के चयन की सूची जारी की गई है. इन सभी को आईएएस, आईपीएस, आईएफ्रएस, ग्रुप ए और ग्रुप बी सर्विस में सरकारी नौकरी मिलेगी। यदि संघ लोकसेवा आयोग को ये काम सौंपा जाये तो संसद में जाने से पहले सभी नेताओं को एक नहीं बल्कि दो-दो इम्तिहान देना पड़ें। मजेदार बात ये हो कि भावी लोकसेवकों को न टिकिट पाने के लिए किसी की चिरौरियाँ करना पड़ें और न नोट देना पड़ें। किसी हाईकमान की, किसी संसदीय बोर्ड की जरूरत ही न पड़े। कम से कम न्यूनतम योग्यता वालों को ही संसद में जाने की पात्रता तो होगी। अभी तो संसद में जाने की कोई न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता तय ही नहीं है। अभी तो बस आपकी उम्र 25 साल के ऊपर होना चाहिए। आपकी योग्यता का पैमाना आपकी शिक्षा ,चाल-चलन नहीं है आपका पुलिस से चरित्र सत्यापन भी जरूरी नहीं है आप खुद अपने ऊपर चले रहे मामलों की जानकारी दे दें तो आपकी कृपा है। आपने नेता बनने



से पहले कितना ,क्या और कैसे कमाया ? कोई नहीं पूछता । ईडी,सीबीआई तो बाद में आपके पीछे लगती है। वो भी तब जब आप सत्ता के साथ नहीं बल्कि आश्रम के साथ खड़े होते हैं तब। केंचुआ को संसद सुनने से पहले आदशज़ आचार संहिता लगना पड़ती है जो उसके हिसाब से नहीं सत्ताधीशों के हिसाब से काम करती है। केंचुआ किसी को भी चुनाव से पहले और चुनाव के बाद एडवायजरी जारी कर सकता है ,किसी को भी चुनाव प्रचार करने से रोक सकता है। केंचुआ किसको कितनी आजादी दे ये सत्ता तय करती है ,केंचुआ नहीं। यूपीएससी में ये सब झंझट नहीं है। निधाज़रित अहताज़ है तो पहले प्रिलिम्स में उत्तीणज़ होइए और फ्रि मुख्य परीक्षा में अपनी योग्यता का मुजाहिरा कीजिये। अगर योग्यता नहीं है तो चाहे चाय बेचिये या पकौड़े। कोई रोकने वाला नहीं। सांसद बनने के लिए कोई न्यूनतम योग्यता नहीं है। चाय बेचने वाला हो ,मजदूर हो , हत्याभियोगी हो ,जेबकतरा हो, संसद के लिए चुनाव लड़ सकता है। केवल सजायाफ्ता नहीं होना चाहिए। हो भी तो दो साल से कम की सजा वाला हो। मुमकिन है कि आप मेरी कल्पना पर हँसे ,मुझे मूर्ख भी कहें ,आपको ये छूट भारतीय संविधान ने दी है। सत्ता आपको ये छूट नहीं देती ,लेकिन चूंकि मै संविधान के विधान को मानता हूँ इसलिए मै आपको ये आजादी देता हूँ। मै आजादी का परम उपासक भी हूँ और समर्थक भी । मैंने 1975 में भी आजादी पर हमलों का विरोध किया था और पचास साल बाद 2024 में भी कर रहा हूँ। मुझे जब से मतदान का अधिकार मिला है मै नेता की सूरत देखकर मतदान नहीं करता । मै पार्टियों का चल,चरित्र और चेहरा देखता हूँ। मै मंदिर-मस्जिद, मजहब के नारे देने वालों को भूलकर भी वोट नहीं देता। मै वोट देने से पहले उम्मीदवार की जाति या छाती का आकार भी नहीं देखता। अनेक मौकों पर ऐसा हुआ कि मुझे अपने इलाके में कोई उम्मीदवार समझ नहीं आया तो मैंने मतदान में हिस्सा नहीं लिया । मेरी इस मूखज़्ता की वजह से बज्जर मूखज़ उम्मीदवार जीत गए। इसका अफ़्सोस मुझे आजतक है।

भारत में यदि सब कुछ संविधान के मुताबिक चले और सांसद चुनने का काम भी यदि संघ लोकसेवा आयोग जैसे किसी संस्थान को सौंप दिया जाये तो मै अपना मताधिकार तक समपिज़्त करने को राजी हूँ। मेरा वोट खरीदने वाले देश में ढेरों है। मान लीजिये कि यदि मै अपना वोट न भी बेचूँ तो खरीदार मेरे वोट से चुने सांसद और विधायक को खरीद लेते हैं। वे तो पूरी की पूरी सरकार ही खरीद लेते हैं। आपका लोकसेवक यदि किसी आयोग द्वारा तय परीक्षा से चुना जाएगा तो कम से हाल के हाल तो नहीं बिकेगा !उसे भ्रष्ट होने में कुछ वक्त लगेगा । वो थोड़ा-बहुत तो नैतिक होगा। वो आपने हाथ से अपने वेतन-भत्ते नहीं बढ़ा पायेगा। वो संसद में पहूंचकर केवल मेजें नहीं थपथपाएगा केवल अपने नेता के नाम की माला नहीं जपेगा । उसे जिस काम के लिए भेजा गया है ,वो काम भी करेगा।

अभी तो मै देखता हूँ कि आप केंचुआ की देखरेख में चुनते हैं ,उसका कोई खाड़ा[ भरोसा ] नहीं। चुनाव के बाद वो आपको मिल ही जाये इसकी कोई गारंटी नहीं है। न राहुल बाबा इसकी गारंटी दे सकते हैं और न मोदी बाबा। संघ लोकसेवा आयोग द्वारा चुने जाने वाले लोकसेवकों को ये आजादी नहीं है। वे निलंबित किये जा सकते है। बर्खास्त किये जा सकते हैं। उनका तबादला किया जा सकता है। उनके वेतन-भत्ते रोके जा सकते हैं। उनके खिलाफआय से ज्यादा सम्पति रखने पर कार्रवाई हो सकती है। केंचुआ की देखरेख में चुने जाने वाले लोकसेवक परम स्वतंत्र होते हैं। वे किसी को भी मार्गदर्शक मंडल में डाल सकते हैं और किसी को भी बाहर निकाल सकते हैं भले ही वे खुद मार्गदर्शक मंडल में जाने की पात्रता रखते हों। अभी हम जिन लोकसेवकों को चुनते हैं उन्हें रिटायर नहीं किया जा सकता। वे जब चाहें तब तक चुनाव लड़ सकते हैं,,राजनीति कर सकते हैं।जितना चाहे कमा सकते हैं बहरहाल मेरी कल्पना अभी हाल-फ्लिहाल तो साकार नहीं हो सकती। इसलिए 19 अप्रेल को जब आप पहले चरण के लिए लोकसेवक चुनने जा रहे हों तो अपनी आँखें खोलकर रखें। उन्हें चुनें जो राम के नाम पर वोट न मांग रहे हो। जो मजहब के नाम पर कटोरा लेकर आपके घर न आये हों। जिन्होंने अपनी गरीबी का रोना न रोया हो।

## क्या वाकई भाजपा नतीजों को लेकर डरी सहमी हुई है ?

**-ओमप्रकाश मेहता**

विश्व के देशों के लिए 'आदर्श' माना गया भारतीय लोकतंत्र आखिर एक दशक के एक पार्टी के शासन के बाद अगले चुनाव में डरा-सहमा सा नजर क्यों आता है? यह सवाल प्रधानमंत्री मोदी के पार्टीजनों के नाम लिखे ताजा पत्र में एक बार फिर उभरकर सामने आया है, मोदी जी ने पार्टी कार्याकर्ताओं के नाम लिखे अपने ताजा पत्र में इस चुनाव को 'असामान्य' बताया है तथा उम्मीदवारों से सचेत रहने की अपील की है।

वैसे भारतीय राजनीति के लिए यह घटना कोई अजूबा या असामान्य नही है यहां का इतिहास रहा है कि आजादी के बाद शासन के दस साल पूरे करने वाले हर प्रधानमंत्री के मन में अपने शासन को लेकर इस तरह के सवाल पैदा हुए है और उन्होंने उन्हें हल करने का प्रयास भी किया है, फिर चाहे नेहरू से लेकर मनमोहन सिंह जैसे प्रधानमंत्री हो या स्वयं भाजपा के मोदी जी। आजादी के बाद से अब तक पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू उनके बाद उनकी बेटी इंदिरा जी और उनके बाद डॉ. मनमोहन सिंह ने अपने शासन के दस साल पूरे किये, नेहरू और इंदिरा जी तो डेढ़ दशक से भी अधिक समय तक प्रधानमंत्री रहे और वे भी अपने शासन के दौरान उठाये गये कदमों के प्रति आशंकित रहे, नेहरू के सामने जहां अंग्रेजों के शासन के फैसलों को देशहित



में संशोधित करने की चुनौती थी वहीं इंदिरा जी के सामने अपनी गिरती साख की चुनौती थी, जिसका उन्होनें देश में आपातकाल लागू कर निपटने का प्रयास किया, जहां तक तीसरे कांग्रेस प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का सवाल है, उनके हाथों से तो एक दशक के बाद सत्ता ही फिसल गई और वे मोदी जी की झोली में आ गिरी, अब मोदी जी का सत्ता का दशक पूरा हो रहा है और अब उनके सामने सत्ता की अहम चुनौती है, इसलिए यह लोकसभा चुनाव उनके लिए किसी 'अग्निपरीक्षा' से कम नही है, यद्पि इस बार कांग्रेस की चमक कम हो जाने के कारण उनके सामने क्षेत्रिय दलों की विशेष चुनौती नही है, क्योंकि देश में सिर्फ कांग्रेस और भाजपा को ही 'राष्ट्रीय दल' का दर्जा प्राप्त है, शेष सभी क्षेत्रिय दल है, फिर भी मोदी द्वारा चिंतित होकर पार्टी उम्मीदवारों और सामान्य सदस्यों को इस तरह का पत्र लिखा जाना हर राजनीतिक चिंतक के लिए सोचने-विचारने को मजबूर तो करता ही है और फिर मोदी द्वारा इन चुनावों को 'असामान्य' बताना इस बार की भावी चुनौतियों को स्पष्ट करता है यही आज विशेष चर्चा का विषय है।

भाजपा और एनडीए की उम्मीदवारों को चुनावों की अंतिम घड़ी में प्रधानमंत्री द्वारा ऐसा पत्र लिखना उनकी किन आशंकाओं को उजागर करता है? एक तो इस चुनाव को 'असामान्य' बताया और दुसरे सचेत रहने की अपील की, इन दोनों उनकी धारणाओं के पीछे आखिर कारण क्या है? फिर उनका अपनो को कांग्रेस के पांच दशक की राज की याद दिलाना उसकी मुश्किलें गिनवाना, आखिर भारतीय मौजूदा राजनीति में क्या स्पष्ट करता है? फिर स्वयं की तारीफ में यह कहना कि पिछले दश वर्षों के उनके शासन में कई परेशानियां दूर हुई किंतु फिर भी अभी बहुत कुछ काम बाकी है यह कहकर उन्होंने स्वयं अपने लिए एक ओर शासनकाल की अपील की है, साथ ही भाजपा के सभी सदस्यों व उम्मीदवारों को 'साथी-कार्यकर्ता' सम्बोधित कर उन्होंने आत्मीयता का परिचय देने का प्रयास भी किया है। वे अपने इस पत्र को देश के सभी हिस्सों की क्षेत्रिय भाषा में जन-जन तक पहुंचाना चाहते है। इस प्रकार इस चुनावी बेल में मोदी जी का यह पत्र न सिर्फ अपनी पार्टी बल्कि भारतीय राजनीति में भी अहम स्थान रखता है। जिसें कई अर्थों में देखा-परखा जा सकता है।

## भारत निर्वाचन आयोग ने उम्मीदवारों के लिए भी लॉन्च की सुविधा एप : जिला निर्वाचन अधिकारी

**करनाल, 19 अप्रैल ( सुनील कुमार ) :** डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव प्रक्रिया सबसे अहम होती है और निष्पक्ष व स्वतंत्र चुनाव प्रक्रिया में नागरिकों की पूर्ण सहभागिता जरूरी है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उम्मीदवारों के लिए भी सुविधा एप लॉन्च की गई है, जिसके जरिये चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार चुनावी गतिविधियों के लिए ऐप के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि डिजिटल दौर में चुनाव प्रक्रियाओं को भी डिजिटल करने का अहम कार्य चुनाव आयोग द्वारा किया है।

**केवाईसी एप से देखें उम्मीदवार का नामांकन**

उन्होंने बताया कि नो योर कैंडिडेट (केवाईसी) एप के जरिए आम नागरिक उम्मीदवार के बारे में तमाम जानकारियां प्राप्त कर सकता है। इस एप में उम्मीदवार द्वारा रिटर्निंग अधिकारी को दिए गए नामांकन पत्र को अपलोड किया जाता है जिसे कोई भी आम नागरिक अपने मोबाइल पर देख सकता है। इस एप के जरिये उम्मीदवार के आपराधिक रिकॉर्ड, संपत्ति और शिक्षा व अन्य जानकारी हासिल की जा सकती हैं।

## जिला निर्वाचन अधिकारी की उपस्थिति में किया गया पहला रेंडमाइजेशन

**पानीपत, 19 अप्रैल ( हरप्रीत छतवाल ) :** लोकसभा 2025 के आम चुनाव को लेकर शुक्रवार को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने जिला सचिवालय में प्रथम स्तर का रेंडमाइजेशन किया व अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे चुनाव को लेकर गंभीर रहे। अपनी अपनी ड्यूटी का सही तरीके से निर्वहन



करें। चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व स्वतंत्र तरीके से करने को लेकर अपनी जिम्मेदारियों को समझे व उनका शुद्ध रूप से पालन करें।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों को चेताया कि चुनाव में पर्यवेक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। आचार संहिता का शुद्ध रूप से पालन करते हुए चुनाव में अपनी ड्यूटी निभाये मतदाताओं को ज्यादा से ज्यादा जागरूक करें ताकि मतदान के प्रतिशत को और बढ़ाया जा सके।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए और गंभीर होने की आवश्यकता है। स्वीप जैसे कार्यक्रम इसमें अहम भूमिका निभा सकते हैं। इसको लेकर इन कार्यक्रमों में रुचि ले व लोगों को खास तौर पर युवाओं को जागरूक करें व चुनाव का महत्व क्या है इस पर प्रकाश डालें वह चुनाव में मतदान करने के लिए प्रेरित करें। इस मौके पर एसडीएम मनदीप सिंह, एसडीएम समालखा अमित कुमार, एसडीएम इसराना, ज्योति मित्तल सीटीएम टीनू पोसवाल, चुनाव तहसीलदार सुदेश राणा आदि मौजूद रहे।

## 12 खरीद केन्द्रों व मंडियों में हुई 143202 मीट्रिक टन गेहूं की आवक

**पानीपत, 19 अप्रैल ( हरप्रीत छतवाल ) :** रबी फसल खरीद अभियान 2024 के तहत जिला की विभिन्न मण्डियों में गेहूं की आवक दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। अब तक जिला में स्थापित किए गए 12 खरीद केन्द्रों व मण्डियों में 143202 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है तथा विभिन्न सरकारी एजेंसियों द्वारा 130054 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। डीएफएससी द्वारा 20405 मीट्रिक टन गेहूं, हैफेड द्वारा 59433 मीट्रिक टन गेहूं, एचडब्ल्यूसी द्वारा 47917 मीट्रिक टन गेहूं, एफसीआई द्वारा 2299 का उठान किया जा चुका है। सरकार की ओर से इस सीजन के लिए गेंहू की खरीद निर्धारित मूल्य 2275 रूपये प्रति क्विंटल पर की जा रही है।

डीएफएससी आदित्य कौशिक ने जानकारी देते हुए बताया कि गत दिवस वीरवार सांय इस कुल आवक में से अहर में 3208 मीट्रिक टन गेंहू, बबैल केन्द्र पर 2263 मीट्रिक टन, बाबरपुर खरीद केन्द्र पर 11225 मीट्रिक टन, बापौली खरीद केन्द्र पर 8750 मीट्रिक टन, छिछड़ाना केन्द्र पर 5660 मीट्रिक टन, इसराना खरीद केन्द्र पर 17431 मीट्रिक टन, मडलौडा खरीद केन्द्र पर 33870 मीट्रिक टन, नौल्था खरीद केन्द्र पर 1011 मीट्रिक टन, पानीपत खरीद केन्द्र पर 17532 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई है। इसी प्रकार समालखा मण्डी में 40162 मीट्रिक टन गेंहू, सनौली में 1816 मीट्रिक टन, उरलाना में 274 मीट्रिक टन की आवक हुई है और सम्बंधित खरीद एजेंसियों द्वारा गेहूं की नियमित रूप से खरीद्दारी की गई है।

आदित्य कौशिक ने बताया कि गेंहू की खरीद सुचारू रूप से करवाने के लिए सभी अनाज मण्डियों व खरीद केन्द्रों पर नोडल अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है ताकि किसानों को अपनी फसल बेचने में कोई कठिनाई न हो। उन्होंने बताया कि संबंधित अधिकारियों मण्डियों से गेहूं के उठान के लिए समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं।

# एमसीएमसी कमेटी की अनुमति से ही विज्ञापनों का प्रसारण करेंगे केबल ऑपरेटर व सिनेमाघर संचालक : मनोज कुमार

### - नियमों की अवहेलना करने पर संबंधित व्यक्ति या व्यक्तियों के खिलाफ की जाएगी कार्रवाई

**यमुनानगर, 19 अप्रैल ( संजीव कुमार ) :** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों की अनुपालना में जिला में जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) बनाई गई है। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्वयं इस कमेटी के चेयरमैन हैं। जिला में कोई भी केबल ऑपरेटर व सिनेमा घर संचालक बिना एमसीएमसी कमेटी की अनुमति व प्रमाण पत्र के केबल व सिनेमा घर में किसी भी प्रकार का विज्ञापन नहीं चला सकता है। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 को पारदर्शिता, शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने के लिए सभी नागरिकों को भारत निर्वाचन आयोग व मुख्य निर्वाचन आयोग हरियाणा के आदेशों की पालना करनी होगी। इसके साथ ही जिला के सभी केबल ऑपरेटरों को एमसीएमसी कमेटी के माध्यम से समय-समय पर दिए जाने वाले निर्देशों का पालना निर्धारित समय पर करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि कमेटी केबल चैनलों की गहनता से मॉनिटरिंग करेगी और केबल पर चलने वाले प्रत्येक विज्ञापन पर एमसीएमसी कमेटी की कड़ी नजर रहेगी। इसी प्रकार प्रिंटिंग प्रेस संचालकों को भी अपने द्वारा प्रकाशित किए जाने वाले पंफलैट, पोस्टर, बैनर आदि का विवरण



जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा करवाना होगा। चुनाव प्रक्रिया के दौरान केबल ऑपरेटर और सिनेमा हॉल संचालक एमसीएमसी कमेटी के प्रमाण पत्र के बगैर किसी भी विज्ञापन का प्रसारण नहीं कर सकते।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि यदि केबल ऑपरेटर व सिनेमा घर संचालक द्वारा नियमों का उल्लंघन किया जाता है या केबल ऑपरेटर व सिनेमा संचालक के खिलाफ कोई शिकायत आती है तो तुरंत उस केबल ऑपरेटर व सिनेमा संचालक के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। कमेटी द्वारा विज्ञापन के लिए जारी किए जाने वाले प्रमाण पत्र पर संबंधित सक्षम अधिकारी की मोहर व हस्ताक्षर होंगे और साथ ही विज्ञापन की सीडी पर भी मोहर व हस्ताक्षर होंगे। केबल ऑपरेटर को विशेष ध्यान रखना है कि केवल मोहर व हस्ताक्षर वाली सीडी को ही विज्ञापन के तौर पर चलाना है। सभी केबल ऑपरेटरों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित नियमों सहित केबल टीवी नेटवर्क रेगुलेशन एक्ट की पालना सुनिश्चित करनी है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विज्ञापन प्रसारण के लिए संबंधित उम्मीदवार को एनेक्सचर-ए में आवेदन करना होगा, जिस पर विचार करके एमसीएमसी कमेटी विज्ञापन प्रसारण के लिए एनेक्सचर बी फार्म में प्रमाण पत्र देगी। विज्ञापन प्रसारण का प्रमाण पत्र लेने के लिए आवेदनकर्ता को प्रसारित किए जाने वाले विज्ञापन की दो प्रतियां सीडी में देनी होंगी। साथ ही सीडी में दी गई प्रचार सामग्री की स्क्रिप्ट की दो प्रतियां भी आवेदन के साथ जमा करवानी होंगी। राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर पंजीकृत राजनीतिक पार्टी व उनके उम्मीदवारों को विज्ञापन प्रमाण पत्र के लिए प्रसारण के कम से कम तीन दिन पहले आवेदन करना होगा। विज्ञापन प्रमाण पत्र के लिए प्राप्त आवेदनों पर एमसीएमसी कमेटी तीन दिन के अंदर फैसला लेगी। अगर किसी विज्ञापन के प्रसारण पर कमेटी को आपत्ति है तो वह आवेदन को निरस्त कर सकती है या फिर विज्ञापन को दुरुस्त करने के लिए संबंधित उम्मीदवार को लिख सकती है। इसके लिए संबंधित पक्ष को 24 घंटे का समय दिया जाएगा और उसे विज्ञापन को दुरुस्त करके दोबारा आवेदन कमेटी के समक्ष प्रस्तुत करना होगा।

## सरकार के लचर प्रबंध किसानों के लिए बने आफत : अशोक मंगालीवाला

### - किसानों के लिए परेशानी का सबब बनी गेहूं व सरसों के उठान में ढिलाई

**हिसार, 19 अप्रैल ( ब्यूरो ) :** वरिष्ठ कांग्रेसी नेता व जनसेवक अशोक मंगालीवाला ने कहा है कि किसान हितैषी व जनहितैषी होने का दावा करने वाली भारतीय जनता पार्टी की पोल खुल चुकी है। प्रदेश की मंडियों में सरसों व गेहूं की आवक जोरों पर है लेकिन उठान के समुचित प्रबंध न होने से किसान परेशान हैं। उन्होंने कहा कि बारिश व आंधी चलने की संभावना के कारण किसानों की चिंता और भी बढ़ गई है क्योंकि मंडियों में खुले में अनाज के ढेर लगे हैं। मंगालीवाला ने कहा कि कई क्षेत्रों में हल्की बारिश से गेहूं व सरसों भीग भी गई है। इसलिए किसान उठान में तेजी की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसान बारदाने की कमी से भी जूझ रहे हैं। सरकार का दायित्व है कि उठान में तेजी लाकर एवं पर्याप्त बारदाना



उपलब्ध करवाकर किसानों को राहत प्रदान करे। इसके विपरीत सरकार केवल झूठे दावों तक सीमित होकर रह गई है। अशोक मंगालीवाला ने कहा कि भाजपा ने पिछले दस सालों में किसानों को सुविधाएं देने की अपेक्षा प्रताड़ित ही किया है। धरने व प्रदर्शन की मांग करने वाले किसानों को कुछ समय पहले पुलिस ने लाठियों से घायल किया। इतना ही नहीं रबड़ की गोलियां तक दागी गई। मंगालीवाला ने कहा कि उन्होंने स्वयं कई गांवों का दौरा किया है। अधिकतर गांवों में न तो खेती के लिए पर्याप्त पानी है और न ही समुचित बिजली सप्लाई होती है। ऐसी स्थिति में किसान खेती कैसे कर पाएगा। इसके साथ-साथ किसानों को समय-समय पर बढ़िया बीजों व खाद के लिए भी जूझना पड़ता है। ये सारी व्यवस्थाएं करवाना सरकार व प्रशासन का दायित्व होता है लेकिन सरकार इस दिशा में बिल्कुल भी गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव चल रहे हैं और भाजपा को ऐसी किसान विरोधी व जनविरोधी नीतियों का खामियाजा भुगतना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस स्पष्ट बहुमत से सरकार बनाएगी।

## स्कूल संचालक अपने बचाव को लेकर अनजाने में अभिभावकों के करवा रहे हैं हस्ताक्षर : अंशुल चौधरी

### स्कूल संचालक अपने स्कूल की बसों व ड्राइवरों की खामियों को सुधारें

**निसिंग, 19 अप्रैल ( जोगिंद्र सिंह ) :** स्कूली वाहन में दुर्घटना होने के बाद स्कूल संचालकों पर दोष न लगे, इससे बचने का रास्ता भी स्कूल संचालकों ने निकाल लिया है। दाखिला फार्म में ही स्कूल के नियमों में एक लाइन जोड़कर अभिभावकों से इस संदर्भ में अंडरटेकिंग ली जा रही है। ताकि भविष्य में यदि हादसा होता है तो स्कूल संचालक इसी फार्म को अभिभावकों को दिखाते हुए अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ सकें। वहीं अभिभावक भी अनजाने में हस्ताक्षर कर रहे हैं। इसी को लेकर एनजीओ, समाजसेवियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने करनाल उपायुक्त को एक ज्ञापन सौंपा। एडवोकेट अंशुल चौधरी ने बताया कि पिछले दिनों महेंद्रगढ़ स्कूल बस हादसे ने पूरे देश को हिला कर रख दिया है। उन्होंने कहा कि शराब पीकर ड्राइवर स्कूल की बस को चला रहा था। अब पूरे देश के अभिभावक चिंतित और दुखी है। उन्होंने कहा कि अब



भी इतनी बड़ी दुर्घटना होने के बावजूद भी प्राइवेट स्कूल संचालक अपने स्कूल की बसों व ड्राइवरों की खामियों को सुधारने की बजाय उल्टा अपने बचाव के लिए तरह-तरह के दस्तावेज तैयार कर रहे हैं। अंशुल चौधरी ने बताया कि प्राइवेट स्कूल संचालक दाखिला प्रोसेस का फायदा उठाकर दाखिला फार्म पर अभिभावकों से अपने बचाव के लिए अपनी मनमर्जी से शर्तें जोड़कर उस दाखिला फार्म पर स्कूल में पढ़ने वाले पुराने बच्चों के अभिभावकों से तथा नया दाखिला लेने वाले बच्चों के अभिभावकों के दाखिला फार्म पर हस्ताक्षर करवाने के बहाने में दाखिला फार्म के बीच में एक शर्त जोड़कर उस पर हस्ताक्षर करवा रहे हैं। जो की बिल्कुल भी सहन नहीं होगा। उन्होंने कहा कि उपायुक्त को मिले हैं और जल्दी कोई कमेटी गठित कर प्राइवेट स्कूलों की जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाए, नहीं तो आगे कोई बड़ा कदम उठाने के लिए हम पीछे नहीं हटेंगे।

## जीएमएन कॉलेज में स्टार्टअप्स की सफलता के लिए मेंटरिंग पर सेमिनार का आयोजन

**अंबाला, 19 अप्रैल ( रवि पाहुजा ) :** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज, अंबाला छावनी में प्राचार्य डॉ.रोहित दत्त के मार्गदर्शन में, आई, ई, डी, सी और अर्थशास्त्र विभाग द्वारा स्टार्टअप्स की सफलता के लिए मेंटरिंग पर सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को स्टार्टअप के लिए गाइड करना और उन्हें सही दिशा में आगे बढ़ाना था। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने मुख्य अतिथि का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर स्वागत कर आभार व्यक्त किया। प्राचार्य डॉ.रोहित दत्त ने अपने संबोधन में कहा कि स्टार्टअप्स का संचालन करना और उन्हें सफल बनाना आजकल एक बड़ा चुनौती पूर्ण काम है। इस क्षेत्र में समझदारी और मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है और यहां मेंटरिंग का महत्व उत्कृष्ट होता है। मेंटर्स उद्यमिता के अनुभव को सांझा करते हैं। नए विचारों को प्रोत्साहित करते हैं और सफलता



के लिए आवश्यक निर्देश प्रदान करते हैं। इस सेमिनार में मुख्य वक्ता के तौर पर अंबाला के प्रसिद्ध उद्योगपति डॉ अनिल जैन ,जो कि सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस से जुड़े हैं ने शिरकत की। उन्होंने अपने अनुभवों के साथ स्टार्टअप्स के लिए मेंटरिंग के महत्व को बड़े ही ज्ञानवर्धक ढंग से सांझा किया। कार्यक्रम की संयोजिका प्राध्यापिका नीलम ने जानकारी देते हुए बताया कि यह सेमिनार निश्चित तौर पर विद्यार्थियों को स्टार्टअप्स के लिए मेंटरिंग की महत्ता को समझने और उन्हें सफल एंटरप्रेन्योर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। जिससे कि हमारे उभरते हुए एंटरप्रेन्योर्स अपने व्यवसाय मॉडल को विकसित करने, उत्पादन या सेवाओं को बाजार में प्रदर्शित करने, वित्तीय नियोजन और प्रबंधन की जटिलताओं का सामना करने में मदद प्राप्त करेंगे और सफलता की ऊंचाइयों को प्राप्त करेंगे। सेमिनार मे मंच संचालन उदय प्रताप सिंह के द्वारा किया गया। तो वही धन्यवाद प्रस्ताव प्राध्यापिका सुषमा के द्वारा प्रेषित किया गया। इस कार्यक्रम में सुजाता गोयल, डॉ सीमा कंसल एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी गण मौजूद रहे।

## देश में तीसरी बार लगातार बनेगी मोदी सरकार : सुमन सैनी



**करनाल, 19 अप्रैल ( संदीप रोहिला ) :** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की पत्नी ने गांव काछवा में करनाल लोकसभा के प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल एवं करनाल विधानसभा उप चुनाव प्रत्याशी नायब सिंह सैनी के लिए चुनाव प्रचार किया। मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी सुमन सैनी का गांव के सरपंच दीपक एवं डा अरूण शर्मा के निवास पर हर्ष शर्मा, डा उपासना एवं डा अरूण शर्मा द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर सुमन सैनी ने सुमन सैनी ने जहां अध्यात्मिक और सामाजिक कार्य करने का संदेश दिया, वहीं लोगों से आह्वान किया कि देश में तीसरी बार लगातार मोदी सरकार चुनें। करनाल विधानसभा से नायब सिंह सैनी को विधायक चुनें। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को सबसे ज्यादा वोटों से जितवाकर लोकसभा भेजें। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित लोगों से अनुरोध किया की आप सभी देश हित के लिए भाजपा के पक्ष मे मतदान करें और घर-घर जाकर भाजपा के लिए वोट मांगें।

उन्होंने इस मौके पर लोगों से आह्वान किया कि वह नायब सिंह सैनी को विधायक बनाएं ताकि वह राजनीति के माध्यम से जन सेवा के कार्य निरंतर करते रहें। उन्होंने कहा कि लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव को मिलाकर हमें 11 सीटों का शगुन पूरा करना है। जनता वोट की ताकत दिखाते हुए मोदी को फिर से प्रधानमंत्री चुनें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी न होते तो राम मंदिर नहीं बनता। धारा 370 हटाने का साहस और कोई नहीं कर सकता था। भावी पीढ़ी का भविष्य सुरक्षित रखने के लिए मोदी सरकार को चुनें। सुमन सैनी ने पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके मुख्यमंत्री रहते हरियाणा का विकास बिना भेदभाव के हुआ। बिना खर्ची बिना पर्ची के नौकरियां दी गई।

अब यही कार्य मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करेंगे। इस अवसर सुमन सैनी के साथ चैयरपर्सन निर्मला बैरागी, करनाल की निवर्तमान मेयर रेणु बाला गुप्ता, रेखा आनंद, मेघा भंडारी, मीना काम्बोज, सरपंच सुशीला देवी, हर्ष शर्मा, डा उपासना, जोगिंदर प्रधान, मंडल अध्यक्ष अमर नाथ ठक्कर, मंडल महामंत्री बंसी लाल, कैप्टन जोगिंदर सिंह के अतिरिक्त अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# इंडिया गठबंधन बांध रहा केवल झूठ का पुलिंदा : बेदी



**शाहाबाद मारकंडा, 19 अप्रैल ( रूबी ) :** पूर्व मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि इंडिया गठबंधन केवल झूठ का पुलिंदा बांधने में लगा हुआ है। बेदी ने कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि कांग्रेस के पास जनता को देने के लिए केवल झूठे वायदे है जो वह पिछले अनेक वर्षो से करते आ रहा है। लेकिन नरेंद्र मोदी के आने के बाद देश की दशा व दिशा में परिवर्तन आया है। उन्होंने कहा कि एक तरफ तो इंडिया गठबंधन के सहयोगी आम आदमी पार्टी के अरविंद केजरीवाल शराब घोटाले में जेल में बंद है। वहीं कुरुक्षेत्र लोकसभा से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी लगातार जनता को झूठे सपने दिखा रहा है। जबकि जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहे है गठबंधन के प्रत्याशी व उसके कार्यकर्ताओं को हकीकत सामने दिख रही है कि उसे बलि का बकरा बनाया गया है। बेदी ने कहा कि पूर्व सांसद नवीन जिंदल कुरुक्षेत्र लोकसभा के लाखों लोगों के दिलों में बसते है। ऐसे में बाकी बचे प्रत्याशियों के लिए अपनी जमानत बचाना भी मुश्किल होगा। बेदी ने कहा कि जीत का दम भरने वाली कांग्रेस अभी तक प्रदेश में उम्मीदवारों की घोषणा तक नहीं कर पाई है। हर रोज कांग्रेस के शीर्षनेता लिस्ट तैयार करते है लेकिन स्थानीय नेताओं की आपसी लड़ाई के कारण लिस्टें कैंसिल हो रही है। कृष्ण बेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रोकने के लिए, पूरे देश में ठगबंधन बनाया गया लेकिन देश की जनता विकास, दृढ़ संकल्प व देश के प्रति ईमानदारी को देखते हुए तीसरी बार भी नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का मन बना चुकी है। इस मौके पर मुलखराज गुम्बर, अरूण कंसल, कर्णराज सिंह तूर आदि मौजूद थे।

## करनाल में 4.67 लाख मीट्रिक टन गेहूं की आवक : उत्तम सिंह

**करनाल, 19 अप्रैल ( सुनील कुमार ) :** डीसी उत्तम सिंह ने बताया कि जिला की मंडियों में गेहूं की आवक शुरू हो चुकी है। इसके दृष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा खरीद के सभी आवश्यक प्रबंध पहले से ही किए जा चुके है। गत दिवस तक जिला की मंडियों व विभिन्न खरीद केंद्रों पर 4 लाख 67 हजार 98 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई है। इसमें से विभिन्न सरकारी एजेंसियों द्वारा 4 लाख 67 हजार 98 मीट्रिक टन की खरीद की गई। एजेंसियों को उठान कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिला की विभिन्न मंडियों एवं खरीद केंद्रों पर गत दिवस तक 4 लाख 67 हजार 98 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई। इसमें से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा एक लाख 84 हजार 290 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा दो लाख 46 हजार 635 मीट्रिक टन तथा हरियाणा वेयर हाऊस कार्पोरेशन द्वारा 36 हजार 173 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई। व्यापरियों द्वारा 3 हजार 386 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया। पिछले वर्ष जिला में 7 लाख 52 हजार 52 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई थी। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा अब तक 64 हजार 43, हैफेड द्वारा 84 हजार 347 और हरियाणा वेयर हाऊस कार्पोरेशन द्वारा 11 हजार 271 मीट्रिक टन गेहूं का उठान किया जा चुका है। डीसी ने किसानों से अपील की है कि क्रमानुसार ही गेहूं को मंडी में लेकर आए ताकि एजेंसियों एवं आढ़तियों को खरीद में कोई परेशानी ना हो। उन्होंने यह भी अपील की कि खेतों में फसल कटाई के बाद फानों में आग न लगाएं। आग लगाने से प्रदूषण को बढ़ावा मिलता है और जमीन की उर्वरा शक्ति भी कम होती है। साथ ही फसलों के मित्र कीट भी नष्ट होते है।

# प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए योजनाबद्ध तैयारी करें



अगर आप नौकरी के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं तो कुछ बातों का ध्यान रखें। इसमें सफलता के लिए कड़ी मेहनत के साथ ही योजना बनाकर किये गये प्रयास ही सफलता दिलाते हैं। इसमें शामिल होने वाले अधिकांश लोग मेहनत करते हैं पर सफलता उन को ही मिलती है जो हट कर प्रयास करते हैं।

जितनी भी प्रतियोगी परीक्षाएं हो रही हैं, चाहे वे एसएससी की हों, रेलवे की, सिविल सर्विसेस की या फिर बैंकिंग की, परीक्षा भवन में ही आपको यह निर्णय लेना होता है कि कौन-सा सवाल छोड़ कर आगे बढ़ना है और किसे हल करना।

कैसे पहचानें-आपके सामने कोई आराम से बनने वाला सवाल है लेकिन उसमें टाइम ज्यादा लगेगा। जब भी ऐसी स्थिति बने आपको सवाल छोड़कर आगे बढ़ जाना चाहिए। सभी सवालों पर निगाह डालने के बाद आखिर जब आपके पास वक्त हो, आप आखिर में उस सवाल को हल करने की कोशिश करें।

**कब बनाएं ज्यादा वक्त लगने वाले सवाल**

परीक्षा भवन में कभी-कभी ऐसा भी हो सकता है कि आपको 10 सवाल ऐसे लग जाएं कि वे वक्त ज्यादा लगा सकते हैं। इसका सीधा सा मतलब है कि आपने अभ्यास सही ढंग से नहीं किया और कम समय में हल करने का ट्रिक भी आप भूल गए हैं। ऐसे में आप उन सवालों को हल करने की कोशिश कर सकते हैं।

**कैसे करें तैयारी**

ज्यादातर विशेषज्ञों का कहना है कि सेट प्रैक्टिस से बेहतर कोई दूसरा विकल्प नहीं हो सकता। जानकार कहते हैं कि स्टूडेंट्स के लिए यह जरूरी है कि वह सेट प्रैक्टिस करे। खासकर पिछले सालों में पूछे हुए प्रश्नों को जरूर बनाएं लेकिन इसके लिए जरूरी है कि आपका कॉन्सेप्ट (विषय ज्ञान) जरूर क्लियर हो।

**गति चाहिये**-बैंकिंग परीक्षा को उत्तीर्ण करने के लिए सबसे अधिक जरूरी है कि आपकी गति बेहतर हो। इसके लिए यह जरूरी है कि आप अगर सेट प्रैक्टिस में 2 घंटा लगाते हैं तो सॉल्यूशन देखने में 4 घंटा लगाएं। ताकि अपनी कमियों को दूर करें। ट्रिक्स और शॉर्ट कट्स पर जरूर फोकस करें। उन्हें याद करने की कोशिश करें। साथ ही सवालों के पैटर्न को भी जरूर देखें।

कोचिंग -बैंकिंग की तैयारी के लिए कोचिंग फायदेमंद जरूर होता है, पर इसके लिए यह जरूरी है कि आपकी खुद की तैयारी अच्छी हो। ताकि जब कोचिंग में जाएं तो फायदा हो। अपनी तैयारी नहीं होने से क्लासरूम में आप कई बातों को समझ नहीं पाएंगे और कोचिंग की गति से चल नहीं पाएंगे। आपका वक्त और पैसा दोनों जाया जा सकता है

**ऑनलाइन प्रैक्टिस**

आजकल बैंकिंग समेत कई परीक्षाओं के टेस्ट ऑनलाइन हो गए हैं, इसलिए कंप्यूटर पर सही ढंग से सेट बनाना, खासकर ऑनलाइन सेट प्रैक्टिस आपको एग्जामिनेशन हॉल में सुरक्षित करता है, आपमें विश्वास भी जगता है कि आप इसे क्वालिफाई कर सकते हैं। वैसे तो कई ऑनलाइन वेबसाइट्स हैं जो बैंक पीओ की तैयारी करवा रहें हैं।

**परीक्षा हॉल में प्रदर्शन सुधारें**

पूरे सालभर की परीक्षा का निर्धारण बस दो घंटा में हो जाता है। यानी उन एक या 2 घंटों में जिसने अपना बेस्ट दिया वह इंटरव्यू और जीडी के रूम तक पहुंच जाता है। पर इसके लिए कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है। परीक्षा में पहले उस सेक्शन को बनाएं जिसमें कम वक्त लगता हो और गलती होने की गुंजाइश कम से कम रहती है। जीएस, कंप्यूटर ऐसे ही सेक्शन हैं। इसके बाद ही इंग्लिश, मैथ्स, रीजनिंग आदि को हल करना चाहिए

किताबें वैसे तो मार्केट में कई पुस्तकें तैयारी के लिए उपलब्ध हैं, कोचिंग के प्रैक्टिस सेट्स भी हैं। पर आपके लिए सबसे अहम है पिछले सालों के प्रैक्टिस सेट को बनाना और तेजी से सवालों को हल करने की ट्रिक्स सीखना।

**विचारों को पेश करने में घबराते हैं तो करें ये उपाय**

कई लोगों के लिए अपने विचारों को सभी के सामने पेश करने में मुश्किल होती है। जो लोग अपनी बात ऑफिस, दोस्त और रिश्तेदारों के सामने नहीं रख पाते उन लोगों को पब्लिक स्पीकिंग कॉमन फोबिया होता है। वहीं आज के दौर में बोलना जरूरी है। बिना बोले सफलता हासिल करने में मुश्किल आ सकती है। लोगों के सामने अपनी बात रखने के लिए भी बोलना जरूरी है। अगर आप भी लोगों के सामने बोलने में और अपनी बात रखते वक्त घबरा जाते हैं तो ये टिप्स आपके काम आ सकते हैं। इस प्रकार दूर होगा पब्लिक स्पीकिंग फोबिया का डर।

फॉलो करें ये बातें।

अध्ययन करें ्र बोलने का मतलब ये नहीं है कि आप कुछ भी बोल देंगे। आप जिस विषय में बोलना चाहते हैं उसकी सारी जानकारियां प्राप्त कर लें। याद रखें जिस विषय पर आप बोलना चाहते हैं उसका जितना अध्ययन करेंगे उतना अच्छा बोल पाएंगे साथ ही आपका आत्मविश्वास बना रहेगा।

योजना बनाएं्र आपको बोलने के पहले प्लानिंग करना भी जरूरी हैं जिससे की आप अपने विचार सही ढंग से पेश कर सके। आप यदि किसी भी तरह के ऑडियो या विजुअल का यूज कर अपनी बात रख रहे हैं, तो उसे भी आप खुद ही तैयार करें।

रुके भी ्र किसी विषय के बारे में अपनी बात रखते समय बिल्कुल भी तनाव महसूस न करें। बोलते समय अपनी बातों में ठहराव जरूर लेकर आएं। ताकि आपकी बात ज्यादा से ज्यादा लोग समझ सके।

सही जवाब दें्र विषय का सही तरह से अध्ययन करें जिससे की आप ऑडियंस के सवालों का जवाब दे सके।

# कम शिक्षित युवाओं के लिए इन क्षेत्रों में हैं अच्छे अवसर



अगर आप उच्च शिक्षित नहीं हैं और इस कारण अच्छी नौकरी हासिल नहीं कर पा रहे हैं तो निराश न हों कई ऐसे क्षेत्र हैं जहां आप अच्छी खासी कमाई कर सकते हैं। आम तौर पर युवाओं को लगता है कि अच्छे वेतन वाली नौकरियां पाने के लिए डिग्री होना जरुर है पर अगर आप मेहनत से काम करना चाहते हैं तो कुछ ऐसी नौकरियां जिनके जरिये आप अच्छा खासा वेतन पा सकते हैं। **रेडिएशन थेरेपिस्ट**-अगर आप दूसरों पर और चीजों पर निगरानी रखने में सक्षम हैं तो आपको ये नौकरी बड़ी आसानी से मिल सकती है। इसमें आपको उपकरणों की जांच, उपचार के लिए रोगियों की प्रतिक्रियाओं का निरीक्षण करना आदि होगा। इसमें आपको अच्छा खासा वेतन मिल सकता है। **एयर ट्रैफिक कंट्रोलर-इस** नौकरी को पाने के लिए भी किसी बड़ी डिग्री की जरूरत नहीं है। ये नौकरी करने वालों को विमान की गति पर निगरानी और निर्देशन करना होगा। सबसे खास बात ये है कि इसके लिए आपको पहले ट्रेनिंग दी जाएगी और सालाना पैकेज लाखों में रहेगा।

कमर्शियल पायलट-हाई स्कूल डिप्लोमा लेकर भी आप ये नौकरी पा सकते हैं। इसके लिए कमर्शियल पायलट प्रमाण पत्र होना चाहिए और प्रशिक्षण के तुरंत बाद आप इस नौकरी के लिए आवेदन कर सकते हैं। इस जॉब में आपको एयर क्राफ्ट्स या हेलिकॉप्टर चलाना होता है और इस काम के लिए आपको भारी भरकम राशि मिलती है।

गेमिंग मैनेजर-अगर आपको गेम्?स पसंद हैं तो आप से जॉब कर सकते हैं। कैसिनो में गेमिंग मैनेजर बनने के लिए आपको बस हाईस्?कूल डिप्?लोमा लेना होगा। इसके बाद आप गेमिंग मैनेजर की नौकरी पा सकते हैं। इसमें आपको 44.25 लाख रुपए तक की सैलरी मिल सकती है।

जासूस-ये काम कठिन होता है लेकिन इसमें डिग्री या पढ़ाई की जरूरत नहीं होगी। इसमें तो आपको अपना दिमाग ही चलाना होगा। ये नौकरी वो इंसान बड़े अच्?छे से कर सकता है तो चीजों को समझने की योग्?यता रखता हो। इस काम के लिए अच्छा खासा वेतन मिल सकता है।

लैब टैक्नीशियन -इस क्षेत्र में भी केवल डिप्लोमा या सर्टिफिकेट कार्स के जरिये नौकरी पायी जा सकती है। अधिकतर अस्पतालों में इनकी जरुरत पड़ती है। इसके अलावा वीडियो व फोटोग्राफी के अलावा हीरा करोबार में भी कारीगरों और काम करने वाले तकनीकी कर्मियों को अच्छा वेतन मिलता है।

# विदेश से डाक्टर बनने जा रहे हैं तो ध्यान रखें

अगर आप डॉक्टर बनना चाहते हैं और इसके लिए किसी भी छोटे से देश में जाकर डिग्री हासिल करना चाहते हैं तो एक बार फिर सोच लें क्योंकि ऐसे डिग्री लेकर आप एक प्रकार से ठगे जा रहे हैं। देश में डॉक्टर बनने की उम्मीदें रखने वाले कई छात्र जब एडमिशन नहीं मिलता तो नेपाल, बांग्लादेश, और कजाखस्तान आदि देशों की ओर रुख करते हैं पर जब डॉक्टर बनने के बाद स्वदेश लौटते हैं तो उनका सपना टूट जाता है। इसका कारण यह है कि इन विदेशी डिग्री धारी डॉक्टरों को प्रैक्टिस करने के पहले मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित एक परीक्षा को पास करना होता है। उसी के बाद ये नौकरी के लिए आवेदन कर सकते हैं।



देश में कई छात्रों को इसी कारण डिग्री होते हुए भी बेरोजगारी का सामना करना पड़ता है। यह छात्र डॉक्टर बनने के लिए पिछड़े देशों में इसलिए जाते हैं क्योंकि वहां दाखिला आसानी से मिल जाता है। इसके अलावा पढ़ाई में खर्च भी कम आता है।


छात्रों के लिए मेडिकल काउंसिल की यह स्क्रीनिंग परीक्षा पास करना आसान नहीं होता और इसके लिए छात्रों को कोचिंग तक का सहारा लेना पड़ता है। साल में दो बार होने वाली इस परीक्षा को कई छात्र पास नहीं कर पाते ऐसे में उन्हें नौकरी नहीं मिलती और न ही वे कहीं प्रैक्टिस करने के योग्य रहते हैं।

इसके बाद भी देश से हर साल हजारों छात्र मेडिकल की पढ़ाई के लिए कम विकसित देशों की ओर रुख करते हैं। यहां से कुछ छात्र खाड़ी देश में नौकरी के लिए चले जाते हैं पर जो नहीं जा पाते हैं उनके लिए राह बेहद कठिन हो जाती है।

मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया का मानना है कि कम विकसित देशों में मेडिकल की पढ़ाई का स्तर काफी कम होता है, ऐसे में वहां से डिग्री लेने वाले छात्र तय मानको को पूरा नहीं कर पाते।

भारत में केवल विकसित देशों के मेडिकल संस्थानों के छात्रों को ही मेडिकल काउंसिल मान्यता देती है।

# युवाओं के लिए फैशन डिजाइनर बनने के अवसर



तेजी से बदलते फैशन के इस दौर में फैशन कम्युनिकेशन के क्षेत्र में भी अच्छी संभावनाएं हैं। एक फैशन कम्युनिकेशन एक्सपर्ट का काम अपने क्लाइंट या कंपनी की एक बेहतरीन छवि बनाता है। साथ ही वह अपने क्लाइंट के उत्पाद को टार्गेट कस्टमर्स तक सर्वोत्तम तरीके से पहुंचाता है। इतना ही नहीं, वह ब्रांड के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रचार के तरीकों पर भी नजर रखता है।

जब भी फैशन इंडस्टी की बात होती है तो लोग फैशन डिजाइनर या मॉडल बनने की ही चाहत रखते हैं। लेकिन यह एक ऐसी इंडस्टी है, जिसमें पिछले काफी सालों में बदलाव आया है और इसी कारण अब इस क्षेत्र में करियर की नई संभावनाओं ने जन्म दिया है। फैशन इंडस्टी में एक ऐसा ही करियर है फैशन कम्युनिकेशन है। यह तेजी से उभरता क्षेत्र है और अब युवाओं का आकर्षण इस ओर बढ़ने लगा है।

संभावनाएं -फैशन कम्युनिकेशन का कोर्स करने के बाद आप फैशन डिजाइनर, ग्राफिक डिजाइनर, फैशन पत्रकार, प्रोफेसर, डिजाइन सहायक, फैशन सहायक, फैशन मार्केटिंग मैनेजर, फैशन एडिटर, फैशन फोटोग्राफर, कला निर्देश आदि भूमिकाएं अदा कर सकते हैं। इस कोर्स को करने के बाद कई इंडियन व इंटरनेशनल ब्रांड के साथ जुड़कर काम कर सकते हैं।

योग्यता-इसके लिए डिप्लोमा या बैचलर डिग्री की जरुरत रहती है। इसके बाद आप फैशन कम्युनिकेशन में ही मास्टर और डॉक्टरेट भी कर सकते हैं।

आमदनी-इस क्षेत्र में आमदनी आपके काम पर निर्भर करती है और अनुभव के साथ आमदनी भी बढ़ती है। वैसे शुरूआती दौर में आप सालाना 2 से 3 लाख रूपए आसानी से कमा सकते हैं।



**क्या होता है काम**

एक फैशन कम्युनिकेशन एक्सपर्ट को कई काम करने होते हैं। वह अपने क्लाइंट या कंपनी की एक बेहतरीन छवि बनाता है। साथ ही वह अपने क्लाइंट के उत्पाद को टार्गेट कस्टमर्स तक सर्वोत्तम तरीके से पहुंचाता है। इतना ही नहीं, वह ब्रांड के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रचार के तरीकों पर भी नजर रखता है। अपने क्लाइंट व बिजनेस हाउस की तरफ से मीडिया के साथ कम्युनिकेट व डील करते हैं। एक फैशन कम्युनिकेशन एक्सपर्ट डिजाइन लेआउट, वेब पेज और मल्टीमीडिया डिजाइन डेवलप करता है।

स्किल्स-इस क्षेत्र में आपकी मार्केटिंग स्टेटजी अच्छी होनी चाहिए। साथ ही आपमें कम्युनिकेशन व नेटवर्किंग स्किल्स भी बेहतरीन होने चाहिए, इसके बिना आपको अपने क्षेत्र में कठिन संघर्ष करना पड़ सकता है। वहीं इस क्षेत्र में डेडलाइन पर काम करना होता है, इसलिए आपको कई-कई घंटे लगातार काम करना पड़ता है। इसलिए अगर आपमें धैर्य व कठिन परिश्रम करने की क्षमता नहीं है तो आप इस क्षेत्र में नहीं टिक पाएंगे। इसके अतिरिक्त आपकी मौखिक व लिखित दोनों ही रूपों में अलग-अलग भाषा पर पकड़ अच्छी होनी चाहिए।

प्रमुख संस्थान

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी, विभिन्न केन्द्र

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, गुजरात, सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, पुणे

इंस्टीट्यूट ऑफ अपैरल मैनेजमेंट, गुरूग्राम

जेडी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, नई दिल्ली

# अगर आप भी विदेश जाकर पढ़ना चाहते हैं पर कन्फयूज हैं, जानिए एक्सपर्ट की राय

अगर आप भी विदेश में जाकर पढ़ाई करना चाहते हैं, पर किस डिग्री के बाद जाना बेहतर होगा, जानें इन सभी सवालों का जवाब एक्सपर्ट से जानें। स्नातक और स्नातकोत्तर दोनों डिग्रियों के लिए विदेश में अध्ययन करने आपको बेहतर नेटवर्किंग के अवसर मिल सकते हैं। जानें एक्सपर्ट की राय की राय कौन-सा समय विदेश में पढ़ाई करने का सही है ।विदेश में पढ़ने का सपना हर छात्र का होता है। वहीं लोग मानते है कि इससे देश-विदेश में जॉब्स और करियर बनाने में आसानी होती है। दूसरे देश में जाकर पढ़ाई करने से फॉरेन के लोगों से तालमेल बैठाने का भी अवसर मिलता है। वहीं स्टूडेंट्स की पर्सनालिटी भी ऊभर के आती है। ऐसे में कई लोग हैं, जो पढ़ाई करना चाहते हैं लेकिन उन्हें निर्णय लेने में काफी परेशानी होती है। सबसे ज्यादा मन में यही सवाल आता है कि आखिर किस ड्रिगी के बाद विदेश जाकर पढ़ाई करना ज्यादा बेहतर रहेगा। अगर आप भी स्नातक या स्नातकोत्तर की पढ़ाई के लिए विदेश जाने सहीं समय का इंतजार कर रहे हैं, तो Gradding.com की फाउंडर ममता शेखावत के बताए गए राय आपके लिए काफी मददगार साबित हो सकती है।

एक्सपर्ट के मुताबिक, स्नातक या स्नातकोत्तर कोर्स करने के लिए विदेश जाकर पढ़ाई करना छात्रों पर निर्भर करता है। उनके बताए गए टिप्स के जरिए, आपको डिसीजन लेने में आसानी हो सकती है।

**विदेश जाकर पढ़ने से पहले जाने समय सीमा तय करें**

दरअसल, स्नातक कार्यक्रम तीन से चार साल तक चलते हैं। वहीं स्नातकोत्तर कोर्स सिर्फ 2 साल के होते हैं। आपको बता दें, स्नातकोत्तर कार्यक्रम स्नातक से एक वर्ष कम होती है। इन डिग्रियों के समयावधि को देखते हुए आप विदेश में कितने समय तक पढ़ाई करना चाहते हैं, खुद तय कर सकते हैं।



बजट के अनुसार ले सकते हैं निर्णय-स्नातक अध्ययन की तुलना में विदेश में स्नातकोत्तर अध्ययन कम खर्चीला हो सकता है। फिर भी, ऐसें में आप अपनी बजट के हिसाब से तय कर सकते हैं। इसके अलावा, विदेश जाने पहले आपको कौन सी योग्यता हासिल करनी है, यह भी निर्णय लेना होगा।

स्नातक या स्नातकोत्तर की लर्निंग एक्सपीरिएंस में है भिन्नता

एक्सपर्ट के मुताबिक हैं कि आपको दोनों कार्यक्रमों में अलग-अलग एक्सपीरियंस लेने का मौका मिलेगा। वहीं स्नातक अध्ययन आम तौर पर छात्रों को अध्ययन के विशिष्ट क्षेत्र से जुड़े ज्ञान से परिचित कराता है। वहीं दूसरे, स्नातकोत्तर आपके अध्ययन के क्षेत्र में पूरी तरह से डूबने और डीप अंडरस्टैंडिंग को सिखाता है।

**सब्जी बेचने वाली बनी अफसर, जानें पूजा कुमारी की इंस्पायर कर देने वाली कहानी**-सभी के जीवन में संघर्ष होता है और सभी लोगों को अपने अपने मुकाम पर पहुंचने के लिए चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। मगर पूजा कुमारी के जीवन में कई बड़ी परेशानियाँ और चुनौतियाँ हैं जिनसे उन्हें कभी भी आगे बढ़ने की प्रेरणा नहीं मिली। बड़ी संख्या में लोग ऐसे होते हैं जिनकी ख्वाहिश होती है कि वे ऊंचाइयों को छूने का संघर्ष करें, मगर वे अक्सर अपनी परिस्थितियों से हार जाते हैं। आज के आर्टिकल में हम आपके लिए पूजा कुमारी की एक कहानी लेकर आए हैं जो आपको प्रेरित करेगी। पूजा मधुबनी, बिहार से हैं। उन्होंने 67वीं बीपीएससी परीक्षा में 986 रैंक हासिल की और अब वह सब डिविजनल वेलफेयर ऑफिसर के रूप में कार्यरत हैं। पूजा ने यह मुकाम हासिल करने के लिए कठिनाईयों का सामना किया है, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी। कहते हैं ना जिद, जुनून और मेहनत से किसी भी ऊंचाइयों को पाना मुश्किल नहीं है। यह बात आज पूजा ने साबित कर दी। इस मुकाम तक पहुंचने के लिए पूजा ने उन सभी परेशानियों का सामना किया है जो हम आज इस आर्टिकल में साझा करेंगे।

सिलाई और पढ़ाई के बीच करना पड़ा संघर्ष -सभी के जीवन में संघर्ष होता है और सभी लोगों को अपने अपने मुकाम पर पहुंचने के लिए चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। मगर पूजा कुमारी के जीवन में कई बड़ी परेशानियाँ और चुनौतियाँ हैं जिनसे उन्हें कभी भी आगे बढ़ने की प्रेरणा नहीं मिली। पूजा बेहद साहसी हैं जिसके कारण वह जीत हासिल कर सकी। बचपन से ही पूजा ने बहुत ज्यादा गरीबी देखी है। इसके कारण उनके पिता 2007 में दिल्ली नौकरी करने दिल्ली चले गए। वहीं 2009 में पूजा के दसवीं का एग्जाम था, मगर एक रात पहले उन्हें पूरी रात जागकर सिलाई करनी पड़ी। इस वक्त पर पूजा की मां को लग रहा था कि वह एग्जाम पास भी नहीं कर सकेगी। मगर उन्होंने अपना 10वीं का एग्जाम 74त्न से क्वालीफाई किया। इसके बाद 2011 में जब 12वीं का एग्जाम देना था तो काम का प्रेशर पूजा पर बहुत ज्यादा पड़ने लगा। इसका असर उनके मार्क्स पर भी पड़ा और वह 64त्न के साथ आईएसी भी क्वालीफाई कर ली।

इंजीनियर बनने की थी इच्छा-पूजा हमेशा से पढ़ाई में होशियार थी। वहीं वह अपने 12वीं के बाद इंजीनियरिंग करना चाहती थी। इसके लिए उन्होंने ढ्ढश्वश्वश्व का एग्जाम भी दिया। मगर उन्हें इसमें सफलता नहीं मिली। इसके बाद वह सीएम साइंस कॉलेज में दाखिला ले ली। मगर उन्हें धीरे धीरे लगने लगा कि वह इंजीनियरिंग अब नहीं कर पाएंगी। इसके बाद 2013 में घर में एक हादसा हुआ, जिसके बाद पूजा को अहसास हुआ कि एक ऑफिसर की कितनी अहमियत होती है। अब पूजा के पास एक विकल्प खुल गया कि वह सिविल सर्विसेज की तैयारी करेंगी।

**लॉकडाउन में सब्जी बेचकर करना पड़ा गुजारा**

पूजा के माता-पिता दिल्ली में रहते थे और गटर में दुकान लगाकर गुजारा करते थे। वहीं पूजा का भी ग्रेजुएशन पूरा हो गया और उनका भाई भी ग्रेजुएट हो गया। इसके बाद पूजा को यह विचार आया कि वह भी दिल्ली चली जाए और अपनी तैयारी बेहतर ढंग से करें। इसलिए वह अपने भाई के साथ दिल्ली चली गई। मगर उन्हें यह अंदाजा नहीं था कि उन्हें दिल्ली जाकर भी मजदूरी करनी होगी। पूजा जब दिल्ली गई और उन्होंने अपने माता-पिता की स्थिति देखी तो उनसे रहा नहीं गया और वह भी दुकान लगाने लगी। वहीं लॉकडाउन के समय में पैसों की कमी फिर से शुरू हो गई। इस समय पर पूजा सब्जी बेचा करती थी और मास्क बनाकर भी अपना गुजारा करती थी। धीरे-धीरे ऐसी स्थिति बिगड़ने लगी। फिर उन सभी को वापस अपने गांव मधुबनी आना पड़ा। तब कुछ समय बाद पूजा के भाई को अहसास हुआ कि उसे अपनी बहन को आगे बढ़ाना चाहिए

## विवादित जमीन के मामलों को अधिकारी अपने स्तर पर निपटने का करें प्रयास : डीसी

**पानीपत, 19 अप्रैल ( हरप्रीत छतवाल ) :** उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने स्वामित्व की वर्तमान स्थिति की जानकारी लेने को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि जमीन के विवादित मामलों को लेकर अधिकारी तन्मयता से कार्य करें। ज्यादातर मामलों को अपने स्तर पर सुलझाने का प्रयास करें। उपायुक्त ने जिले में स्वामित्व को लेकर वर्तमान स्थिति की भी जानकारी ली व इसमें और तेजी लाने के निर्देश दिए।

उपायुक्त ने बताया कि इस कार्य में अधिकारियों को और मेहनत करने की आवश्यकता है तभी जिला बेस्ट ऑफ फाइव में अपना नाम शामिल कर पाएगा। इस मौके पर एसडीएम मनदीप सिंह, एसडीएम समालखा अमित कुमार, एसडीएम इसराना ज्योति मित्तल, सीटीएम टीनू पोसवाल, निगम एडिशनल आयुक्त नरेंद्र पाल मालिक, निगम आयुक्त मनी त्यागी, डीडीपीओ विशाल पाराशर, तहसीलदार बिजेंदर गिल बिजेंदर गिल सौरभ शर्मा अनिल शर्मा के अलावा खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी सुरेंद्र खत्री, नितिन यादव आदि मौजूद रहे।

## आज करनाल पहुंचेंगे प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी

**करनाल, 19 अप्रैल ( रविन्द्र मलिक ) :** प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं करनाल विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी नायब सैनी 20 अप्रैल शनिवार को करनाल पहुंचकर विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे और कार्यकर्ताओं से भी रूबरू होंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सैनी करनाल विधानसभा उप चुनाव व लोकसभा चुनाव को लेकर जनता के बीच पहुंचेंगे। यह जानकारी भाजपा कार्यालय से रवि शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सैनी दोपहर 1 बजे सेक्टर-9 स्थित कर्ण कमल पहुंचेंगे और कार्यकर्ताओं की मीटिंग लेंगे और आगामी करनाल विधानसभा उप चुनाव और लोकसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री सेक्टर-32 में राज चौहान/प्रकाश वीर चौहान के, सेक्टर-4 ट्रांसपोर्ट नगर में ईश्वर सिंह, सेक्टर-8 में गौरव खुराना, शिव कालोनी में गोबिंद शर्मा, मॉडल टाउन नजदीक सतिया वाला मंदिर में नरेंद्र बाम्बा के निवास पर पहुंचकर सरकार की उपलब्धियों को जनता के सामने रखेंगे।

## दो विभिन्न स्थानों से अवैध शराब सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**यमुनानगर, 19 अप्रैल ( प्रभजीत सिंह ) :** पुलिस ने अवैध शराब की तस्करी करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। जो इन्हीं अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए जिला पुलिस की टीमों ने दो विभिन्न स्थानों से अवैध देसी शराब की 40 पेटी (480 बोतल) बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरू की। थाना प्रबंधक रादौर महेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली कि दो युवक एक कार में भारी मात्रा में अवैध शराब को लेकर त्रिवेणी चौक रादौर से होते हुए जायेंगे। इस सूचना पर तुरंत नाकाबंदी की गई। नाकाबंदी के दौरान एक कार से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की गई। तलाशी लेने कार से अवैध देशी शराब की 38 पेटी बरामद की गई। कार में मौजूद युवकों की पहचान गांव देवधर निवासी रोमिल पुत्र नरेश कुमार व मोहित कुमार पुत्र पहल सिंह के रूप में हुई। आरोपी बरामद शराब का कोई परमिट व लाइसेंस नहीं दिखा सका। आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इसी तरह थाना सदर यमुनानगर की पुलिस टीम ने शादीपुर शमशान घाट के नजदीक से एक व्यक्ति को अवैध देशी शराब की दो पेटी (24 बोतल) सहित गिरफ्तार किया। जिसकी पहचान राजकुमार उर्फ राजू पुत्र कृष्ण लाल निवासी गांव शादीपुर के रूप में हुई। आरोपी बरामद शराब का कोई परमिट व लाइसेंस नहीं दिखा सका। आरोपियों को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्यवाही अमल में लाई गई है।

## पीसीपीएनडीटी की एडवाइजरी कमेटी बैठक में विभिन्न मुद्दों पर हुआ विचार विमर्श

**फतेहाबाद, 19 अप्रैल ( ब्यूरो ) :** गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक (लिंग चयन प्रतिषेध) अधिनियम की अनुपालना में जिला में चलाई जा रही विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा के लिए हुडा सेक्टर-3 स्थित मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में जिला सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला में प्रसव पूर्व भ्रूण लिंग जांच की रोकथाम, संदिग्धों पर छापामार कार्रवाई तथा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को गति देने के लिए चलाए जा रहे अभियानों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। पीएनडीटी के नोडल अधिकारी डॉ. निरपाल चंद ने जिला में नए अल्ट्रासाउंड, सीटी स्कैन, आईवीएफ केंद्रों का रजिस्ट्रेशन करने सहित अन्य मुद्दों को बैठक में रखा। उन्होंने बताया कि कन्या भ्रूण हत्या करना व करवाना पाप है।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

वर्कशॉप इलेक्ट्रिकल इंजीनियर (आई/सी) उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप, यमुनानगर, हरियाणा-135002, भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, केवल निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाइन मोड के माध्यम से ई-निविदाएं आमंत्रित करता है:-

| कार्य का नाम | एसबीसी के पुराने दरवाजों की मरम्मत/प्रतिस्थापन (कंडीशन बेस पर), ताले, एचटी कंपार्टमेंट की सीलिंग और एलएचबी एसी सवारी डिब्बों में सफाई का काम। | | |
|---|---|---|---|
| निविदा प्रकार | खुला | बोली प्रणाली | एकल पैकेट प्रणाली |
| निविदा विक्रय समापन तिथि | 08.05.2024 11:30 बजे। | निविदा अपलोड करने की तिथि एवं समय | 17.04.2024 12:30 बजे |
| पूर्व-बोली आवश्यक है | नहीं | आज तक प्री-बिड क्वेरी | ना |
| विज्ञापन मूल्य | रु. 91,28,804.74/- सभी कर जीएसटी आदि सहित। | निविदा अनुभाग | टेंडर एवं वर्क्स/इलेक्ट्रिकल शाखा जगाधरी वर्कशॉप। |
| अग्रिम धन | रु. 1,82,600/- | ऑफर की वैधता | 60 दिन |
| निविदा दस्तावेज़ लागत | Nil अप्रैल 2022 के भाग- I खंड संख्या 3 के अनुसार) | समापन की अवधि | 365 दिन |
| बोली आरंभ तिथि | 24.04.2024 | बोली समाप्ति तिथि | 08.05.2024 11:30 बजे। |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | उसके बाद किसी भी समय निविदा को बंद किया जा सकता है। निविदाकर्ताओं को उद्घाटन के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। निविदा बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोलने का अधिकार रेलवे के पास सुरक्षित है। | | |
| वेबसाइट | www.ireps.gov.in पर जाएं | | |

56-डब्ल्यू-इलेक्ट-23-24-टी-15-एसबीसी 1166/2024

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

# दिल्ली फतेह दिवस समागम में हरियाणा कमेटी की समूची टीम करेगी शिरकत : अजराना

*दिल्ली कमेटी के प्रधान हरमीत सिंह कालका ने टीम सहित हरियाणा कमेटी को समागम का दिया न्यौता*



**निमंत्रण पत्र लेने के बाद दिल्ली कमेटी के प्रधान हरमीत सिंह कालका व उनकी टीम हरियाणा कमेटी के पदाधिकारियों के साथ।**

**कुरुक्षेत्र, 19 अप्रैल ( दिलबाग सिंह ) :** हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के स्पोकसमैन कवलजीत सिंह अजराना ने कहा दिल्ली फतेह दिवस समागम में संस्था की समूची टीम प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध की अगुवाई में शिरकत करेगी। उन्होंने बताया कि दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा इस बारे माता गुजर कौर को समर्पित 241वां दिल्ली फतेह दिवस लाल किला के मैदान में मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गत देरसायं दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान हरमीत सिंह कालका, मैंबर सर्वजीत सिंह विर्क, सर्वजीत सिंह नागी, हरविंदर सिंह संधू को साथ लेकर दिल्ली फतेह दिवस का न्यौता देने के लिए पहुंचे थे। बता दें कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुदर्शन सिंह सहगल, धर्म प्रचार विंग के चेयरमैन जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल, स्पोकसमैन कवलजीत सिंह अजराना, कार्यकारिणी समिति सदस्य टीपी सिंह को निमंत्रण पत्र देते हुए दिल्ली कमेटी के प्रधान हरमीत सिंह कालका ने कहा कि खालसा फौज द्वारा दिल्ली फतेह दिवस सिख इतिहास के स्वर्णिम पल हैं। इस बार माता गुजर कौर को समर्पित 241वां दिल्ली फतेह दिवस 27 एवं 28 अप्रैल को मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 28 अप्रैल को जरनैली फतेह मार्च सजाया जाएगा, जबकि लाल किला के मैदान में उत्साहपूर्वक यह समागम मनाया जाएगा।

कवलजीत सिंह अजराना ने बताया कि निमंत्रण पत्र स्वीकार करते हुए हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुदर्शन सिंह सहगल, धर्म प्रचार विंग के चेयरमैन जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल सिंह व कार्यकारिणी समिति टीपी सिंह ने इस समागम में पहुंचने का आश्वासन दिया है। स्पोकसमैन ने इतिहास का जिक्र करते हुए बताया कि मार्च 1783 में खालसा फौज के बाबा बघेल सिंह जी, जत्थेदार बाबा जस्सा सिंह आहलूवालिया, सरदार जस्सा सिंह रामगढिया, तारा सिंह एवं महा सिंह शुकरचकीया ने अपनी फौज के साथ मिलकर दिल्ली फतेह करते हुए खालसाई निशान लहरा कर नया इतिहास बनाया था। इसलिए हरियाणा कमेटी इस समागम में शिरकत करेगी। इस मौके पर हरियाणा कमेटी के सहायक सुपरवाईजर हरकीरत सिंह, ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री पंजोखरा साहिब पातशाही आठवीं के मैनेजर हरविंदर सिंह दनौली, ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री मंजी साहिब अंबाला शहर के मैनेजर प्रीतम सिंह, सहायक सुपरवाईजर वजिंदर सिंह, मनदीप सिंह, गुरबीर सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

## समस्त पंजाबी खत्री सभा का निर्दलीय प्रत्याशी साहिल ठकराल को समर्थन



**हिसार, 19 अप्रैल ( ब्यूरो ) :** सभी राजनीतिक दलों द्वारा पंजाबी समाज की हरियाणा में 35 प्रतिशत जनसंख्या होने पर भी लोकसभा चुनाव में टिकटों के बंटवारे में कोई महत्व नहीं दिया गया है। राजनीतिक दलों द्वारा सदैव पंजाबी समाज के प्रति उदासीन रवैया अख्तियार किया गया है। पंजाबी समाज के प्रति उपेक्षापूर्ण नीति के मद्देनजर समाज के प्रति जागरुक पंजाबी संगठनों के प्रबुद्ध लोगों द्वारा मीटिंग कर हिसार लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी साहिल ठकराल के पक्ष में मतदान करने व तन-मन-धन से सहयोग करने का फैसला लिया गया है। मीटिंग में समस्त पंजाबी खत्री सभा के महासचिव सुदर्शन कुमार मिनोचा, उपप्रधान अनिल वोहरा, जिला प्रधान शशी सहगल, जिला उपप्रधान रमेश ठकराल, प्रेम चौधरी अधिवक्ता, डाक्टर राजकुमार, वजीर चंद नागपाल, मोहनलाल चावला, नरेन्द्र कालरा, अशोक बतरा, दिनेश कुमार, वधवा व रघुनाथ महता रिटायर्ड कर्मचारी आदि उपस्थित रहे। सभी ने सर्वसम्मति से निर्दलीय प्रत्याशी साहिल ठकराल द्वारा नशा मुक्त हरियाणा का संकल्प लेकर युवाओं में बढ़ रहे नशे की प्रवृति व नशे के कारण प्रदेश में बढ़ रहे अपराध पर रोक लगाने बारे किए गए निरंतर प्रयासों को देखते हुए उनका समर्थन करने का निर्णय किया गया है। साहिल ठकराल एक सुयोग्य, निर्भीक व संघर्षशील युवा हैं। समाज कल्याण की इस मुहिम में पूरा समाज उसके साथ सहयोग करेगा। समस्त पंजाबी खत्री समाज ने समाज के सभी वर्गों से अपील की है कि साहिल ठकराल द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान व हरियाणा में बढ़ रहे अपराधों की रोकथाम के लिए चुनाव में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें व अगामी हिसार लोकसभा क्षेत्र से उन्हें भरपूर समर्थन व सहयोग देकर भारी मतों से विजयी बनाएं। नशा मुक्त हरियाणा अभियान को सफल बनाएं।

## भाजपा 400 पार और कांग्रेस 40 पार को लेकर लड़ रही लड़ाई : डा अशोक



**करनाल, 19 अप्रैल ( रविन्द्र मलिक ) :** भाजपा लोकसभा मीडिया प्रभारी डा अशोक कुमार ने कहा कि 2024 के चुनावों में भाजपा 400 सीटों से ज्यादा पर जीतकर फिर से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में फिर से सरकार बनाने जा रही है जबकि दूसरी ओर कांग्रेस 40 सीटों से अधिक सीटों पर जीतने के लिए भी मशक्कत कर रही है। पूर्व पार्षद एवं भाजपा लोकसभा मीडिया प्रभारी डा अशोक कुमार ने कहा कि आज देश की जनता मोदी की गांरटी पर विश्वास करती है। देश के लोगों का मानना है कि जो देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गारंटी दी है वह शत प्रतिशत सही साबित होगी। देश की जनता को मोदी की गारंटी पर पूरा भरोसा है। लोगों का मानना है कि विपक्षी दल वोट बटोरने के खातिर कुछ भी झूठे आश्वासन दे सकते हैं। डा अशोक कुमार ने कहा कि आज देश का नेतृत्व मजबूत हाथों में है और देश लगातार तरक्की की राह पर चल रहा है।

देश में फोरलेन सड़कें बनाई गई हैं। रेलवे और एयर कनेक्टिविटी जोड़ी गई है। पिछले 10 सालों में 23 नए एम्स बनाकर लोगों को बेहतर इलाज की सुविधा प्रदान की गई है। डबल इंजन की सरकार ने 24 घंटे बिजली देने का काम किया है जबकि 2014 से पहले बिजली आते ही नहीं थी। डबल इंजन सरकार के कार्यों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आज हरियाणा के किसी भी गांव से बेटी को पढ़ने के लिए कॉलेज में जाने के लिए 20 किलोमीटर से ज्यादा की दूरी तय नहीं करनी पड़ती। पूरे प्रदेश का एक भी जिला ऐसा नहीं है जो राजमार्ग से नए जुड़ा हुआ हो देश मे आज सडकों का जाल बिछा हुआ है। डा अशोक ने लोगों से भाजपा को वोट देने की अपील करते हुए कहा कि आज देश बदल रहा है। देश को ऐसा नेतृत्व मिला है जिसके कहने पर युद्ध विराम भी हुआ। उन्होंने कहा कि अगर देश की जनता ने 5 साल और मोदी सरकार को दिए तो देश विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

## न्यायालय में लंबित मामलों को नेशनल लोक अदालत में करवाएं निपटारा : सचिव दानिश गुप्ता



**कैथल, 19 अप्रैल ( परवेश बहादुर ) :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी दानिश गुप्ता ने बताया कि आगामी 11 मई, 14 सितम्बर और 14 दिसम्बर 2024 को न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। परिवादी नेशनल लोक अदालत में सुलह व समझौते के लिए स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने केसों का निपटारा करवा सकते हैं। न्यायालय में लंबित मामलों को परस्पर सहयोग व सौहार्दपूर्ण माध्यम से निपटाने के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। यह जानकारी देते हुए सचिव दानिश गुप्ता ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति का कोई मामला न्यायालय में लंबित है, तो वह राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से उसका निपटारा करवा सकता है। लोक अदालत में दोनों पक्षों की आपसी सहमति व राजीनामे से सौहार्दपूर्ण वातावरण में पक्षकारों की रजामंदी से विवाद निपटाया जाता है। इससे शीघ्र व सुलभ न्याय, कहीं कोई अपील नहीं, अंतिम रूप से निपटारा, समय की बचत जैसे लाभ मिलते हैं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक लोन से संबंधित मामले, मोटर एक्सीडेंट, एनआई एक्ट, फौजदारी, रेवेन्यू, वैवाहिक विवाद का निपटारा किया जाएगा।

उन्होंने यह भी बताया कि आपसी सहमति से हल होने वाले मामलों में लोक अदालत बहुत ही कारगर सिद्ध हो रही हैं और लोक अदालत में सुनाए गए फैसले की भी उतनी ही अहमियत है जितनी सामान्य अदालत में सुनाए गए फैसले की होती है। लोक अदालत में सुनाए गए फैसले के खिलाफ अपील दायर नहीं की जा सकती। लोक अदालत में सस्ता और सुलभ न्याय मिलता है।

इन राष्ट्रीय लोक अदालतों के माध्यम से लोगों का बिना समय व पैसा गवाएं केसों का समाधान किया जाता है। राष्ट्रीय लोक अदालतों में ना तो किसी पक्ष की हार होती है और ना ही जीत बल्कि दोनों पक्षों की आपसी सहमति से विवादों का समाधान करवाया जाता है।

## अनाज मंडियों में लिफ्टिंग मे तेजी लाने को लेकर उपायुक्त ने अधिकारियों के साथ की बैठक

*रविवार को मंडियों में गेहूं की आवक का कार्य बंद रहेगा*




**पानीपत, 19 अप्रैल ( हरप्रीत छतवाल ) :** जिले की सभी अनाज मंडियों में पहुंच रही गेहूं की फसल की लिफ्टिंग में तेजी लाने को लेकर जिला उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने शुक्रवार को जिला सचिवालय में सभी प्रशासनिक अधिकारियों, मार्केट कमेटी सचिव, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारियों व गेहूं की खरीद कर रही एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे रविवार तक जिले की सभी 12 मंडियों में लिफ्टिंग का कार्य पूर्ण चाहते हैं। इसमें किसी भी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए। मार्केट कमेटी सचिव इस कार्य को गंभीरता पूर्वक करें। जो कमेटी सचिव इसमें रुचि नहीं लेंगे उन्हे कारण बताओं नोटिस जारी किए जाएंगे। उपायुक्त ने कहा कि अधिकारियों को इस कार्य को लेकर और गंभीर होने की आवश्यकता है। जिले मे लिफ्टिंग का कार्य मंदा होने के कारण कई स्थानों पर जाम की स्थिति बनी रहती है। जिससे आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

उपायुक्त ने कहा कि एजेंसियों व मार्केट कमेटी की जिम्मेदारी बनती है कि वो पॉइंट बना कर पुलिस की व्यवस्था बनाए व जाम की समस्या न होने दें। जिन मंडियों में लिफ्टिंग की गति धीमी है उसे मार्किट कमेटी सचिव गति प्रदान कर रविवार तक लिफ्टिंग का कार्य पूर्ण करें। उपायुक्त ने कहा कि इस कार्य में अच्छी भूमिका निभाने वालों को प्रोत्साहित भी किया जाएगा। उपायुक्त ने इस कार्य के लिए खास तौर पर मंडियों के आढतियों को सूचित किया कि अगर रविवार को उन्होंने फसल की आवक का कार्य किया तो उनके लाइसेंस एक सप्ताह तक रद्द कर दिए जाएंगे। उपायुक्त ने अधिकारियों को आढतियों से मीटिंग कर उन्हें इस कार्य में गति प्रदान करने को कहा। उपायुक्त ने कहा कि अभी तक मात्र 35 प्रतिशत ही लिफ्टिंग का कार्य हुआ है जो संतोषजनक नहीं है, इसमें और गति देने की आवश्यकता है। इसे अधिकारी गंभीरता से ले व मंडियों का निरीक्षण करें, पल-पल की जानकारी ले। व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर एक दूसरे को मंडी से संबंधित जानकारियां शेयर करने के भी उपायुक्त ने निर्देश दिए। उपायुक्त ने इसराना समालखा व मतलौडा की मंडियों पर लिफ्टिंग के संबंध में और ध्यान देने की बात भी कहीं।

इस मौके पर इस मौके पर एसडीएम मनदीप, एसडीएम समालखा अमित कुमार,एसडीएम इसराना, सीटीएम टीनू पोसवाल, डीएफएससी आदित्य कौशिक, निगम एडिशनल आयुक्त नरेंद्र पाल मालिक, निगम ज्वाइंट कमिश्नर मनी त्यागी, डीडीपीओ विशाल पराशर, तहसीलदार ललिता, सौरभ शर्मा, अनिल शर्मा, बीडीपीओ सुरेंद्र खत्री, नितिन यादव के अलावा मार्केट कमेटी के सचिव मौजूद रहे।

## गत दिवस तक 3 लाख 74 हजार 743 मीट्रिक टन गेहूं की हुई खरीद : उपायुक्त

**कैथल, 19 अप्रैल ( परवेश बहादुर ) :** डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि जिला में विभिन्न एजैंसियों द्वारा गत दिवस तक 3 लाख 74 हजार 743 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद गई है। जिला में गेहूं की कुल आवक में से 97 हजार 682 मीट्रिक टन गेहूं खाद्य एंव आपूर्ति विभाग द्वारा, 1 लाख 74 हजार 87 हैफेड द्वारा, एफसीआई द्वारा 11 मीट्रिक टन तथा 1 लाख 2 हजार 963 मीट्रिक टन गेहूं हरियाणा वेयरहाउसिंग कोर्पोरेशन द्वारा खरीदा गया है। उन्होंने बताया कि खरीदे गए धान में से 1 लाख 9 हजार 864 मीट्रिक टन गेहूं का उठान किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि अगोंध मंडी में 4995 मीट्रिक टन, अरनोली में मंडी में 3133 मीट्रिक टन, बाबा लदाना में 9582 मीट्रिक टन, बड़सिकरी खुर्द 1432, बलबेहड़ा मंडी में 723 मीट्रिक टन, बालू में 6339, बरटा 4578, बाउपुर मंडी में 899 मीट्रिक टन, भागल में 2988, भूसला मंडी में 759 मीट्रिक टन, चीका मंडी में 61 हजार 437 मीट्रिक टन, डीग में 448 मीट्रिक टन, फर्शमाजरा में 2302, गोहरां में 4181, गुहणा मंडी में 2016 मीट्रिक टन, हाबड़ी मंडी में 4152, जाखौली मंडी में 6400 मीट्रिक टन, कैलरम में 2962 मीट्रिक टन, कैथल पुरानी मंडी में 7077 मीट्रिक टन, कैथल नई अनाज मंडी में 33884 मीट्रिक टन, कैथल अतिरिक्त नई अनाज मंडी में 35 हजार 613 मीट्रिक टन, कलायत अनाज मंडी में 41 हजार 469, कमेहड़ी अनाज मंडी में 568 मीट्रिक टन, कांगथली में 3219 मीट्रिक टन, करोड़ा में 5659 मीट्रिक टन, क्योड़क में 4820 मीट्रिक टन, किठाना में 14727 मीट्रिक टन, पाड़ला में 4291 मीट्रिक टन, पाई 6223, पूंडरी में 19269 मीट्रिक टन, राजौंद अनाज मंडी में 18 हजार 120 मीट्रिक टन, रामथली में 10153 मीट्रिक टन, रसीना में 1527 मीट्रिक टन, सजूमा में 1458 मीट्रिक टन, सांघन अनाज मंडी में 4684 मीट्रिक टन, सेरधा में 3721, सीवन में 11971 मीट्रिक टन, सोलू माजरा अनाज मंडी में 26 हजार 964 मीट्रिक टन गेहूं खरीद की गई। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि मंडी में अपनी फसल को पूरी तरह से सुखाकर लाएं, ताकि उन्हें किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं हो।

## लोकसभा चुनाव के लिए पोलिंग पार्टियों का हुआ प्रथम रेंडमाइजेशन : मनोज कुमार




**यमुनानगर, 19 अप्रैल ( दिनेश कुमार ) :** डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिले की चारों विधानसभा के लिए गठित मतदान पार्टियों का रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया जिला सचिवालय स्थित कांफ्रेंस हॉल में पूरी की गई। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 963 पोलिंग बूथ हैं जिसमें 4 पिंक बूथ बनाए गए है जहां केवल महिला कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशानुसार रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया का पूरा किया गया है। इसके बाद अब चुनाव आयोग के निर्देशानुसार दूसरा रेंडमाइजेशन भी किया जाएगा।

रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी बनाती है। उन्होंने बताया कि जिले में चुनाव की तैयारी काफी बेहतर चल रही हैं और चुनाव आयोग की तरफ से मिलने वाले दिशा-निर्देशों को तय समय में पूरा किया जा रहा है। जिला का मतगणना केंद्र ने राजकीय आईटीआई में बनाया गया है जहां तैयारियां पूरी की जा रही है। डीसी ने बताया अब ईवीएम एवं वीवीपैट का रेंडमाइजेशन का कार्य आगामी 25 अप्रैल को किया जाएगा। इस दौरान एडीसी एवं एआरओ यमुनानगर आयुष सिन्हा, सीईओ जिला परिषद पंकज सेतिया, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं सीटीएम पीयूष गुप्ता, एसडीएम एवं एआरओ जगाधरी सोनू राम, एसडीएम एवं एआरओ रादौर जयप्रकाश, डीआईओ विनय गुलाटी, नायब तहसीलदार (इलेक्शन) गुलशन कुमार, सहित सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# गौरिश राणा बने स्वच्छ भारत अभियान के ब्रांड अंबेसेडर



**करनाल, 19 अप्रैल ( रविन्द्र मलिक ) :** करनाल के होनहार खिलाड़ी गौरिश राणा को नगर निगम करनाल की ओर से स्वच्छ भारत अभियान का ब्रांड अंबेसेडर नियुक्त किया गया है। बता दें कि गौरिश राणा ने स्टेट ओपन लॉन टैनिस टूर्नामेंट में अंडर-10 में प्रथाम स्थान हासिल किया था। इसके अलावा हरियाणा स्टेट चैंपियनशिप 2022 में प्रथम स्थान हासिल किया था व 2023 में भी गौरिश राणा विजेता रहे थे। यह जानकारी जसबीर राणा ने दी। उन्होंने बताया कि गौरिश दयाल सिंह पब्लिक स्कूल सेक्टर-7 का छात्र है। गौरिश करनाल का एक होनहार खिलाड़ी जिसने प्रदेश ही नहीं राष्ट्रीय स्तर पर करनाल का नाम रोशन किया हे। अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार ने गौरिश राणा को ब्रान्ड अंबेसेडर नियुक्त किया। मुख्यमंत्री नायब सैनी की पत्नी सुमन सैनी ने भी गौरिश को बधाई दी है। उन्होंने बताया कि गौरिश ने आल इंडिया टेनिस एसोसिएशन की ओर से आयोजित ऑल इंडिया रेंकिंग टेनिस टूर्नामेंट में अंडर-12 सेमी फानल में भी विनर रहे थे। जयपुर में आइटा की ओर से आयोजित चैंपियनशिप में भी अंडर-12 में फर्स्ट रनर अप रहे। गौरिश राणा की उपलब्धियों को देखते हुए नगर निगम करनाल की ओर गौरिश राणा को स्वच्छ भारत अभियान का ब्रांड अंबेसेडर बनाया गया। अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार ने गौरिश राणा को ब्रान्ड अंबेसेडर नियुक्त किया। मुख्यमंत्री नायब सैनी की पत्नी सुमन सैनी ने भी गौरिश राणा व उसके परिवार को बधाई दी है। गौरिश राणा को विधायक हरविंद्र कल्याण, निवर्तमान मेयर रेनूबाला गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, समाजसेवी बृज गुप्ता, एडवोकेट भूपेंद्र सिंह राठौर, दयाल सिंह पब्लिक स्कूल प्रिंसिपल शालिनी नारंग, राजपूत सभा के प्रधान डा. एनपी सिंह, राणा अकेडमी से जोगिंद्र राणा, हरियाणा ब्राह्मण खाप के प्रदेशाध्यक्ष अशोक शर्मा, टेनिस कोच आकाश नागर, ब्राह्मण सभा के जिला प्रधान सुरेंद्र बड़ौता, समाजसेवी एसपी चौहान, डा. जयदीप आर्य, सुनील गुप्ता गऊशाला प्रधान, पवन गर्ग खादी ग्राम उद्योग संघ हरियाणा, अग्रवाल समाज के युवा उप प्रधान पंकिल गोयल व पंकज गोयल ने बधाई दी और कहा कि गौरिश राणा ने बहुत ही कम उम्र में यह उपलब्धियां हासिल की हैं जो करनाल के लिए एक गर्व की बात है।

# आदर्श आचार संहिता की पालना को लेकर सोशल मीडिया की रहेगी विशेष निगरानी : शांतनु

**कुरुक्षेत्र, 19 अप्रैल ( सुदेश कुमार/दिलबाग सिंह ) :** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव को प्रदेश में पारदर्शी और निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाने को लेकर हरियाणा के सभी जिलों व मुख्य निर्वाचन कार्यालय का प्रशासन पूरी तरह से गंभीर है। आदर्श आचार संहिता की पालना को लेकर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार साइबर सैल सहित विभिन्न टीमों द्वारा सोशल मीडिया पर भी कड़ी निगरानी रखी जा रही है। सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित विज्ञापनों का खर्चा भी संबंधित उम्मीदवार या पार्टी के खाते में जोड़ा जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी शांतनु शर्मा ने कहा कि आचार संहिता के दौरान कोई भी उम्मीदवार व पार्टी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से भ्रामक चुनाव सामग्री का प्रसारण नहीं कर सकते। आदर्श चुनाव आचार संहिता की उल्लंघना नहीं होने दी जाएगी, यदि कोई ऐसा करता है तो उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। चुनाव संपन्न होने तक आदर्श आचार संहिता लागू रहेगी। किसी भी व्यक्ति को आचार संहिता के उल्लंघन करने की इजाजत नहीं है। आचार संहिता की पालना को लेकर विभिन्न टीमों का गठन किया गया है। इन टीमों द्वारा कड़ी निगरानी की जा रही है। टीमों की यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक व वाट्सएप ग्रुप आदि सोशल मीडिया पर भी पैनी नजर है। चुनाव के दौरान अखबार, टेलीविजन व रेडियो की तरह सोशल मीडिया पर भी चुनाव के दौरान प्रचार किया जाता है, जिस पर राशि खर्च होती है। यह खर्च संबंधित प्रत्याशी या पार्टी के खाते में जोड़ा जाता है। निर्वाचन आयोग के निर्देशों पर जिला में गठित टीमें इस बार चुनाव के दौरान सोशल मीडिया पर भी नजर रखेंगी और किसी भी तरह का विज्ञापन मिलने पर उसकी रिपोर्ट खर्च के ब्यौरे सहित खर्चा निगरानी टीम को देंगी। रिपोर्ट के आधार पर संबंधित उम्मीदवार या पार्टी के खाते में उस विज्ञापन का खर्चा जोड़ दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान सोशल मीडिया की निगरानी भी बहुत जरूरी है। सोशल मीडिया पर भी कई बार चुनाव के दौरान यू-ट्यूब वीडियो प्लेटफॉर्म आदि पर उम्मीदवार व पार्टी चुनाव का प्रचार करते हैं। निगरानी टीम को यदि ऐसे वीडियो मिलते हैं जो अपनी खबरों से किसी प्रत्याशी या राजनैतिक दल का एकतरफा जीत का दावा या समर्थन करते हों या जाति, धर्म विशेष के पक्ष में या कोई भ्रामक सामग्री दर्शाते हों, आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करते हों तो उस स्थिति में संबंधित यूट्यूब चैनल चलाने वाले के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत कार्यवाही की जाएगी। आदर्श आचार संहिता एक समान रूप से सभी पर लागू होती है, जिसमें समाचार पत्र, टेलीविजन, रेडियो और सोशल मीडिया भी शामिल है। आयोग के निर्देशों के अनुसार मीडिया के सभी माध्यमों में चुनाव में एक समानता होनी चाहिए। मीडिया में प्रकाशित या प्रसारित होने वाली खबर किसी एक पक्ष में न होकर केवल खबर ही होनी चाहिए। किसी एक पक्ष में खबरें छापने या चलाने से परहेज किया जाए, जो किसी धर्म, जाति या समुदाय के पक्ष एवं विपक्ष में हों। उन्होंने कहा कि समाचार पत्र या चैनल पर कोई भी विज्ञापन प्रकाशित करवाने से पहले एमसीएमसी कमेटी के माध्यम से अनुमति लेनी जरूरी है, उसी प्रकार से सोशल मीडिया पर दिए जाने वाले विज्ञापन या अन्य प्रसार सामग्री डालने के लिए भी प्रशासन की अनुमति जरूरी है। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार किसी भी रूप में विज्ञापन का खर्च संबंधित प्रत्याशी या पार्टी के खाते में जाता है। इसके साथ ही किसी भी व्यक्ति को सोशल मीडिया के माध्यम से भ्रामक प्रचार-प्रसार करने व आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने की इजाजत नहीं है।

**मीडिया की चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न करवाने में अहम भूमिका**

जिला निर्वाचन अधिकारी शांतनु शर्मा ने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न करवाने में मीडिया की अहम भूमिका होती है। मीडिया का कर्तव्य केवल खबरें देना ही नहीं है बल्कि समाज में सौहार्दपूर्ण माहौल को बनाए रखने में अपनी भूमिका अदा करना भी है। समाज में मीडिया की हमेशा सकारात्मक भूमिका रही है। लोकसभा चुनाव को पारदर्शी ढंग से संपन्न करने में भी समाचार पत्र, न्यूज चैनल सहित अन्य सभी सोशल मीडिया से जुड़े लोगों से अपील है कि वे ऐसी कोई भ्रामक प्रचार सामग्री न चलाएं, जिससे आदर्श चुनाव आचार संहिता की उल्लंघना हो। इसकेसाथ ही किसी भी प्रकार का विज्ञापन प्रकाशित करने से पहले प्रशासनिक अनुमति जरूर लें। विज्ञापन का खर्च प्रत्याशी के चुनावी खर्च में जोड़ा जाएगा।

# गुरु गोबिंद सिंह कॉलेज फॉर फार्मेसी द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम व शपथ ग्रहण समारोह आयोजित



**यमुनानगर, 19 अप्रैल ( संजीव कुमार ) :** गुरु गोबिंद सिंह कॉलेज फॉर फार्मेसी ने स्वीप व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी पहल के तहत शुक्रवार को छात्र जागरूकता कार्यक्रम के रूप में मतदाता शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के बीच मतदान के महत्व के बारे में नागरिक जिम्मेदारी और जागरूकता को बढ़ावा देना था। प्रिंसिपल डॉ. कुमार गौरव ने कहा कि जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी कैप्टन मनोज कुमार के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने चुनावी प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के महत्व पर जोर दिया और बताया कि कैसे सूचित और प्रतिबद्ध युवा देश के भविष्य को आकार देने में योगदान दे सकते हैं। जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को चुनावी प्रक्रिया के बारे में शिक्षित करना है, जिससे वे चुनाव के दौरान सूचित निर्णय लेने में सक्षम हो सकें। उन्होंने नागरिक जागरूकता को बढ़ावा देने और युवाओं को जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए सशक्त बनाने के लिए कॉलेज की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने इस पहल के लिए अपने समर्थन पर जोर दिया और छात्रों को सक्रिय रूप से लोकतंत्र में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया। शपथ समारोह के कॉलेज के इलेक्ट्रो लिटरेसी क्लब ने चुनाव में मतदान करने की शपथ ली और साथ ही मौजूदा लोगो को मतदान अधिकार के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में डॉ. अंजलि शर्मा, (एसोसिएट प्रो.), गुरदित्ता (सहायक प्रो.), विकास शर्मा (सहायक प्रो.) एवं विद्यार्थी केशव शर्मा और केशव काम्बोज, वाहिनी आदि उपस्थित थे।

# डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिला सचिवालय में उपस्थित अधिकारी और कर्मचारियों को दिलाई मतदाता शपथ

**पानीपत, 19 अप्रैल ( हरप्रीत छतवाल ) :** लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत शुक्रवार को जिला में उत्साह का माहौल रहा। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया के मार्गदर्शन में जिला सचिवालय के साथ-साथ जिला के सभी विभागों में मतदाता शपथ का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने शुक्रवार को लघु सचिवालय परिसर में उपस्थित सभी प्रशासनिक अधिकारियों, विभागाध्यक्षों एवं कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलवाई और आमजन से अपील की कि वे



आगामी 25 मई को आयोजित लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदान करें और जिले की मतदान प्रतिशतता को बढ़ाएं। मतदाता शपथ का यह कार्यक्रम सभी सरकारी कार्यालयों के साथ-साथ अर्ध सरकारी कार्यालय, शिक्षण संस्थाओं, प्रतिष्ठानों इत्यादि में आयोजित किया गया और करीब 5 लाख लोगों ने शुक्रवार को मतदाता शपथ ली। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि लोकतंत्र का यह पर्व देश का सबसे बड़ा पर्व है और हम सब ने इसमें भागीदार निभानी है। 25 मई को प्रत्येक मतदाता अपने मत का प्रयोग जरूर करें। एडीसी एवं स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ पंकज यादव ने कहा कि जिला में स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न कार्यक्रम दिन प्रतिदिन आयोजित किया जा रहे हैं और लोगों को मतदान करने के प्रति ज्यादा से ज्यादा जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विभिन्न स्थानों पर सेल्फी प्वाइंट भी बना दिए गए हैं ताकि लोग इन सेल्फी बूथों पर अपनी सेल्फी लेकर इसे विभिन्न सोशल प्लेटफॉर्म पर उपयोग कर सके और लोगों को जागरुक कर सके। कार्यक्रम में सभी ने एक स्वर में 25 मई को मतदान के महत्व का संदेश दूसरों तक पहुंचाने की शपथ ली। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत, एसडीएम पानीपत एवं एआरओ पानीपत शहरी विधानसभा मनदीप कुमार, समालखा एसडीएम एवं एआरओ अमित कुमार, इसराना एसडीएम एवं एआरओ ज्योति मित्तल, सीईओ जिला परिषद गौरव कुमार सहित विभिन्न डीएसपी और अन्य अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# सभी राजनीतिक दल व उम्मीदवार निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का करें पालन : प्रदीप दहिया



**हिसार, 19 अप्रैल ( मनमोहन शर्मा ) :** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त प्रदीप दहिया ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा आम चुनाव-2024 लड़ने वाले उम्मीदवारों व राजनीतिक दलों के लिए चुनाव के दौरान क्या करना है और क्या नहीं करना (डूज एंड डोंट्स) के दिशा-निर्देश जारी किए हैं। सभी उम्मीदवारों व राजनीतिक दलों द्वारा इन दिशा निर्देशों की अनुपालना करनी अनिवार्य व आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सभी दलों और चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को कोई भी जनसभा या रैली करने से पहले इसकी अनुमति संबंधित अधिकारियों से लेनी हैं और प्रस्तावित कार्यक्रम के लिए स्थानीय पुलिस को सूचना देना अनिवार्य है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रस्तावित बैठक के स्थान पर यदि कोई प्रतिबंधात्मक या निषेधात्मक आदेश लागू हैं तो उन आदेशों का सम्मान किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि किसी भी जुलूस को शुरू करने और समाप्त करने के समय व स्थान तथा मार्ग को अग्रिम रूप से फाइनल किया जाना चाहिए और पुलिस अधिकारियों से पूर्व अनुमति प्राप्त करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि शांतिपूर्ण और व्यवस्थित मतदान सुनिश्चित करने के लिए सभी चुनाव अधिकारियों को सहयोग किया जाना चाहिए। साथ ही, चुनाव के संचालन के संबंध में किसी भी प्रकार की शिकायत या समस्या को भारत निर्वाचन आयोग के संज्ञान में लाया जाना चाहिए। चुनाव की पवित्रता व पारदर्शिता बनाए रखने के लिए राजनीतिक दलों को यह सलाह दी जाती है कि वे अपने उम्मीदवारों, एजेंट, कर्मियों और पदाधिकारियों को निर्देश दें कि चुनाव के दौरान वे बड़ी मात्रा में नगद राशि अपने साथ न रखें। इसके अलावा, अन्य राजनीतिक दलों या उम्मीदवारों द्वारा आयोजित सार्वजनिक बैठकों या जुलूसों में बाधा नहीं डालनी चाहिए। अन्य राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों द्वारा लगाए गए पोस्टरों को हटाना या विकृत नहीं किया जाना चाहिए। वाहनों पर रात्रि 10 बजे से प्रात:6 बजे तक लाउडस्पीकरों का उपयोग नहीं होना चाहिए। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त प्रदीप दहिया ने बताया कि चुनाव के विभिन्न पहलुओं से संबंधित सभी मामलों में निर्वाचन आयोग या रिटर्निंग ऑफिसर या जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेश या दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जाना चाहिए। मतदाताओं की जाति या सांप्रदायिक भावनाओं के आधार पर कोई अपील नहीं की जानी चाहिए और न ही कोई ऐसी गतिविधि जो मौजूदा मतभेदों को बढ़ा सकती हैया विभिन्न जातियों, समुदायों, धार्मिक और भाषाई समूहों के बीच आपसी द्वेष पैदा करती हो या तनाव पैदा करती हो, ऐसी कोई गतिविधि नहीं की जानी चाहिए।

# ऐलनाबाद में कांग्रेस कार्यालय का हुआ शुभारंभ

**ऐलनाबाद, 19 अप्रैल ( ब्यूरो ) :** ऐलनाबाद में कांग्रेस पार्टी के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन सरपंच एसोसिएशन हरियाणा की प्रदेश उपाध्यक्ष व वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री संतोष बैनीवाल ने रिबन काटकर किया। इस मौके पर उनके साथ ऐलनाबाद नगर परिषद के चेयरमैन रामसिंह सोलंकी भी मौजूद थे। कार्यालय के उद्घाटन के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए संतोष बैनीवाल ने कहा कि लोकसभा चुनाव नजदीक है। आगामी एक-दो दिनों में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, उत्तराखंड की प्रभारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य कुमारी शैलजा का ऐलनाबाद में पूरी तैयारियों से स्वागत करेंगे। उनके स्वागत के लिए ऐलनाबाद हलका पूरी तरह तैयार है। शैलजा के चुनाव लडने के सवाल पर बैनीवाल ने कहा कि उन्होंने सिरसा में प्रेस कांफ्रेंस में कहा था कि पार्टी हाईकमान का निर्णय सर्वोपरि है, मैं आपके साथ हूं और आगे भी रहूंगी। उन्होंने कहा कि ये चुनाव भाजपा को मुंह तोड़ जवाब देने के लिए लड़ा जाएगा। इस तानाशाही सरकार ने आमजन को प्रताड़ित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। बैनीवाल ने कहा कि जिस प्रकार सभी जगहों पर उम्मीदवारों का विरोध हो रहा है, वो बीजेपी का विरोध हो रहा है, जिससे कांग्रेस को फायदा होगा। भाजपा प्रत्याशी अशोक तंवर पर तंज कसते हुए बैनीवाल ने कहा कि जिस व्यक्ति का खुद का कोई वजूद नहीं है, वो आम जनता की आवाज को कैसे बुलंद करेगा। ये दल-बदलू नेता हैं, जिनकी असलियत देश व प्रदेश की जागरूक जनता जान चुकी है। 400 पार का नारे के सवाल के जवाब में बैनीवाल ने कहा कि कहीं ये नारा महंगाई के हिसाब से तो नहीं दे रहे। क्योंकि

## *विरोध उम्मीदवारों का नहीं भाजपा का हो रहा है : संतोष बैनीवाल*



महंगाई इतनी बढ़ गई है कि आम व्यक्ति के लिए दो वक्त की रोटी का जुगाड़ करना भी मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि 400 पार का नारा देने से कुछ नहीं होता, जनता की भावना से ही सबकुछ होगा। अपने हक के लिए जनता जवाब मांगेगी, फिर चाहे वो बीजेपी हो या अन्य कोई दल। इस सरकार ने पूर्व में भी अपने घोषणा पत्रों में जुमले छोड़े थे और अब उन्हीं जुमलों के साथ एक बार फिर से लोगों से वोट की अपील कर रही है। बैनीवाल ने कहा कि इस बार अकेले ऐलनाबाद हलके में ही नहीं, सिरसा जिले में भी निर्णायक परिवर्तन होगा। इस मौके पर चेयरमेन रामसिंह सोलंकी ने कहा कि ऐलनाबाद का एक-एक वोट कांग्रेस के साथ है। उन्होंने कहा कि नगर परिषद के समय जो भाव पैदा हुआ था, वही भाव दोबारा से बनाया जाएगा और निश्चित रूप से कांग्रेस की ही जीत होगी। इस मौके पर संदीप नेहरा, करनैल सिंह, सतपाल मेहता, रतन गेदर, लादूराम पूनियां, राजेश चाडीवाल, अजीत खालसा, मलकीत सिंह रंधावा, कुनाल खोड, गुरमेल सिंह पूर्व चेयरमैन, हनुमान दास पटीर, रामप्रताप पूर्व जिला पार्षद, सरपंच मांगेराम, सरपंच दयासिंह थेहड़, सुभाष कासनियां, मलूक सरपंच, महाबीर सरपंच धोलपालिया, लखविंद्र सिंह खुगांडा, रघुवीर सरपंच गुसाईआना, सरपंच मेहनाखेड़ा नक्षत्र, गुरमीत सिंह, राधेश्याम एमसी, रोहताश, सतपाल, प्रदीप कागदाना, हरीसन विलियम, नरेश सिला, सुरजीत राहड़, ब्लॉक समिति सदस्य, रामप्रताप पूर्व सरपंच, नौरंग भांभू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# जिले की 35 सरकारी एवं निजी इमारतों की लिफ्टों पर चिपकाए गए जागरूकता स्टीकर : उपायुक्त

**हिसार, 19 अप्रैल ( मनमोहन शर्मा ) :** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप दहिया ने बताया कि हिसार जिले की 35 सरकारी व निजी इमारतों की लिफ्टों पर जागरूकता स्टीकर चिपकाए गए हैं। उन्होंने बताया कि सरकारी व निजी इमारतों की लिफ्टों के बाहर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी जागरूकता स्टीकर लगाए गए हैं। स्टीकर पर संदेश अंकित है कि इस ऊँगली का प्रयोग सिर्फ लिफ्ट का बटन दबाने के लिए ही नहीं, बल्कि 25 मई 2024 को ईवीएम का बटन दबाने के लिए भी करें। मतदाता जब पहुंचे बूथ, लोकतंत्र करे मजबूत। लोकतंत्र के महापर्व के स्टीकर पर सबसे ऊपर चुनाव का पर्व-देश का गर्व अंकित है। स्टीकर पर ईवीएम पर बटन दबाती ऊँगली दिखाई गई है। यह हमें अपने मत का प्रयोग करने के लिए जागरूक कर रही है। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव में अधिकतम मतदान के लिए सार्वजनिक स्थानों के साथ ही नागरिकों को अस्पतालों और अन्य जगहों पर अब लिफ्ट में भी मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए स्टिकर नजर आ रहे हैं, जो लिफ्ट का बटन दबाने से पहले मतदान के प्रति जागरूक कर रहे हैं।

# शत प्रतिशत संपत्तियां सत्यापित करने को निगम ने दो जगह लगाए शिविर, 56 संपत्तियां दुरुस्त

## *शिविरों में दो दिन में 56 संपत्तियां हुई सत्यापित, अब तक शहर की 25 प्रतिशत संपत्तियां हुई ठीक*

**यमुनानगर, 19 अप्रैल ( दिनेश कुमार ) :** शत प्रतिशत संपत्तियां सत्यापित करने के लिए नगर निगम द्वारा हर वार्ड में शिविर लगाए जा रहे हैं। जिनमें प्रॉपर्टी धारकों की प्रॉपर्टी आईडी दुरुस्त की जा रही है। शुक्रवार को वार्ड नंबर पांच के रामलीला भवन जगाधरी और वार्ड नंबर 12 के बाड़ी माजरा के सरकारी स्कूल में क्षेत्र की संपत्तियां सत्यापित करने के लिए शिविर लगाए गए। दोनों जगह 26 संपत्ति धारकों ने अपनी प्रॉपर्टी आईडी का डाटा सत्यापित कराया। इससे पूर्व वार्ड चार और 11 में लगे शिविरों में 30 संपत्तियां सत्यापित की गई। संयुक्त निगम आयुक्त नीलम मेहरा ने इन शिविरों का औचक निरीक्षण कर संबंधित कर्मचारियों को उचित दिशा निर्देश दिए। शनिवार यानि आज वार्ड छह में सरकारी स्कूल गढ़ी मुंडो और वार्ड 13 में ममीदी के सरकारी स्कूल में प्रॉपर्टी आईडी सत्यापित व डाटा ठीक करने के लिए सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक शिविर लगाए जाएंगे। दोनों वार्डों के लोग यहां जाकर अपनी प्रॉपर्टी आईडी का डाटा ठीक



करवा सकते हैं। इनके अलावा नगर निगम की टीम घर-घर जाकर लोगों की संपत्ति सत्यापित करने में जुटी है। अपनी प्रॉपर्टी आईडी सत्यापित कराने में लोग नगर निगम का सहयोग करें। निगम कर्मी को अपनी प्रॉपर्टी से संबंधित सही जानकारी देकर उसे दुरुस्त कराएं।

**बिल्कुल सही व दुरुस्त डाटा उपलब्ध कराएं कर्मचारी**

निगम क्षेत्र की काफी संपत्तियों में मोबाइल नंबर, नाम, एरिया, डेवलपमेंट चार्ज, अप्रूव्ड व अनअप्रूव्ड व अन्य गलतियां है। जिन्हें ठीक करने के लिए निगम आयुक्त आयुष सिन्हा के निर्देशों पर निगम कर्मी घर-घर जाकर शहरवासियों की संपत्ति स्वयं सत्यापित कर रहे हैं। हर वार्ड में टीम बनाई गई है। जो लोगों को उनकी प्रॉपर्टी आईडी का डाटा दिखाकर उसे सत्यापित कर रहे है। इसके अलावा निगम के तीनों कार्यालयों स्थित नागरिक सुविधा केंद्र में भी संपत्तियां सत्यापित की जा रही है। कार्य में तेजी लाने को लेकर संयुक्त निगम आयुक्त नीलम मेहरा व उप निगम आयुक्त डॉ. विजय पाल यादव ने डोर टू डोर संपत्ति सत्यापित करने में लगे कर्मचारियों की बैठक ली। उन्होंने सभी कर्मचारियों को बिल्कुल सही व दुरुस्त डाटा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी कर्मचारियों की बैठक ली और उन्हें कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। अब तक नगर निगम 25 प्रतिशत संपत्तिया सत्यापित कर प्रदेश में पहले स्थान पर चल रहा है। शत प्रतिशत संपत्तियां सत्यापित करने को लेकर नगर निगम तेजी से कार्य कर रहा है।

**वार्ड छह के गढ़ी मुंडो और वार्ड 13 के ममीदी में लगेंगे शिविर**

संपत्ति सत्यापित शिविरों की जानकारी देते निगमायुक्त आयुष सिन्हा ने बताया कि शनिवार को वार्ड छह में सरकारी स्कूल गढ़ी मुंडो और वार्ड 13 में ममीदी के सरकारी स्कूल में प्रॉपर्टी आईडी सत्यापित व डाटा ठीक करने के लिए सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक शिविर लगाए जाएंगे। इसके बाद 22 अप्रैल को वार्ड सात के सेक्टर 17 के सामुदायिक केंद्र व वार्ड नंबर 14 के नागरिक सुविधा केंद्र पुराना हमीदा में, 23 अप्रैल को वार्ड 15 में शहीद भगत सिंह चौक स्थित नगर निगम कार्यालय, 24 अप्रैल को वार्ड 16 में गीता मंदिर लेबर कॉलोनी, 25 मार्च को वार्ड 17 में सनातन धर्मशाला कैंप, 26 अप्रैल को वार्ड 16 की नंदा कॉलोनी की हिमाचल हितकारी सभा, 27 मार्च को वार्ड 19 के विष्णु नगर स्थित माता भगवती धर्मशाला में संपत्ति सत्यापित शिविर लगाए जाएंगे। इसी तरह 29 अप्रैल को वार्ड 20 में ससौली के सरकारी स्कूल में, 30 अप्रैल को वार्ड 21 के कांसापुर स्थित परशुराम भवन में और एक मई को 22 वार्ड के कन्हैया चौक स्थित नगर निगम कार्यालय में संपत्ति सत्यापित शिविर लगाए जाएंगे। शिविरों में संपत्ति धारकों की संपत्तियों को सत्यापित किया जाएगा। ताकि जिन शहरवासियों की प्रॉपर्टी आईडी में कोई खामी है, उसे दूर किया जा सके।

# सीएम फ्लाइंग स्कैड ने अवैध गोदाम से 282 एलपीजी सिलेंडर 4 वाहन जब्त किए



पंचकूला 19 अप्रैल (दीपक शर्मा) पंचकूला में सीएम फ्लाइंग स्क्वायड ने पिंजौर-बद्दी रोड पर मारनवाला गांव में एक अवैध गोदाम पर छापा मारा। अधिकारियों ने बताया कि मौके से कुल 282 गैस सिलेंडर और चार वाहन बरामद किए गए। एक महीने में इस इलाके में स्क्वायड की यह दूसरी ऐसी कार्रवाई थी। छापेमारी में शामिल अधिकारियों ने बताया कि उन्हें आवासीय क्षेत्र में एक घर के कमरे में गैस सिलेंडरों के जमा होने की सूचना मिली थी, जिसे अवैध भंडारण स्थल में बदल दिया गया था। अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की एक टीम के साथ अवैध गोदाम पर छापा मारा और मौके से गैस सिलेंडरों से भरे चार वाहन बरामद किए। उन्होंने बताया कि गोदाम में कई गैस सिलेंडर भी पड़े मिले, जिसके बाद उनकी टीम ने अरविंद कुमार को मौके से गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने मौके से 282 व्यावसायिक और घरेलू गैस सिलेंडर बरामद किए हैं। उन्होंने बताया कि चंडीगढ़ स्थित गैस एजेंसी मालिकों की मिलीभगत से सिलेंडरों को गोदाम में लाया गया था। टीम ने यह भी बताया कि गोदाम मालिक के पास सिलेंडरों से संबंधित कोई दस्तावेज नहीं थे। पंचकूला पुलिस ने चार व्यक्तियों - अरविंद कुमार, रमन कुमार, वाहन चालक नवप्रीत और जरनैल सिंह के खिलाफ पिंजौर पुलिस स्टेशन में आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 और तरलीकृत पेट्रोलियम गैस आपूर्ति और नियंत्रण आदेश, 2000 की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

# अवैध नशा छुड़ाओ केन्द्र चला रहे दो व्यक्ति गिरफ्तार, बंधक युवकों की हालत दयनीय




राहों 19 अप्रैल (निस) फिल्लौर रोड राहों में स्थित एक जिम की बिल्डिंग के नीचे 2 व्यक्तियों की ओर से पिछले 2 महीनों से गैर कानूनी ढंग से नशा छुड़ाओं केंद्र चल रहा था । जिसकी सूचना मिलते ही थाना राहों के इंस्पैक्टर दविंदर सिंह तथा ए.एस.आई. विजय कुमार, हेड कांस्टेबल जरनैल सिंह पुलिस पार्टी के साथ मौके पर पहुंचे। इंस्पैक्टर दविंदर सिंह ने बताया जब हम वहां पहुंचे तो मिली सूचना के मुताबिक जिम की बिल्डिंग के नीचे कमरे में 46 पीड़ित नौजवानों को गैरकानूनी ढंग से रखा हुआ था। उनके माता-पिता से 1 महीने के 10 हजार से 12 हजार रुपए लिए जाते थे। नशा छुड़ाओ केंद्र में जहां पर इन नौजवानों का रखा हुआ था वहां पर एक रसोई के साथ ही एक शौचालय था। यहां पर गंदे पानी से ही बर्तन धोए जाते थे। इन पीड़ित नौजवानों को गंदा खाना दिया जाता था । बहुत ही गंदगी में रखा हुआ था। नौजवानों को रखने के लिए कोई भी लाइसैंस इनके पास नहीं था तथा न ही कोई डॉक्टर था, न ही किसी नौजवानों को इमारत से बाहर जाने दिया जाता था, न उनके माता-पिता को मिलने दिया जाता था। गैर कानूनी ढंग से नशा छुड़ाओं केंद्र चलने वाले दविंदर सिंह पुत्र भजन सिंह वासी करियाम तथा चरणजीत सिंह पुत्र जोगा सिंह गांव हंसरो थाना सदर नवांशहर को गिरफ्तार करके उनके खिलाफ थाना राहों में धारा 420 तथा 344 आई.पी.सी. तहत मामला दर्ज किया गया तथा उन्हें नवांशहर की अदालत में पेश किया गया ।

# पुलिस ने जाली मोहरें सहित 2 लोगों को किया गिरफ्तार

फगवाड़ा 19 अप्रैल (निस) जिला कपूरथला की एस.एस.पी. वत्सला गुप्ता के नेतृत्व में फगवाड़ा पुलिस ने जाली मोहरें सहित दो लोगों को गिरफ्तार करने की सूचना मिली है। इस संबंधी पत्रकारों से वार्तालाप करते हुए एस.पी. फगवाड़ा रुपिंदर कौर भट्टी, डी.एस.पी. जसप्रीत सिंह ने बताया कि पुलिस ने जतिंदर सिंह उर्फ सोनू सूद पुत्र अवतार सिंह वासी गांव पांशटा थाना रावलपिंडी और अवजिंदर सिंह उर्फ राजा पुत्र गुरदेव सिंह वासी अर्जनवाल थाना आदमपुर जिला जालंधर को गिरफ्तार कर इनके हवाले से तैयार की गई 3 जाली मोहरें बरामद की हैं। एस.पी. फगवाड़ा ने बताया कि आरोपी अवजिंदर सिंह उर्फ राजा जाली कागजात तैयार करके लोगों की जमानतें करवाता है। उन्होंने बताया कि मामले में गिरफ्तार किए गए। आरोपी जतिंदर सिंह उर्फ सोनू सूद जो पहले से ही कपूरथला जेल में धोखाधड़ी के मामले में बंद है ने खुलासा किया है कि उसकी मां ने आरोपी अवजिंदर सिंह उर्फ राजा को 12000 रूपए दिए थे। दौरान पुलिस तफ्तीश आरोपी अवजिंदर सिंह ने पुलिस को खुलासा किया है कि जतिंदर सूद की जमानत करवाने के लिए मनवीर सिंह उर्फ मंगू पुत्र सुखदेव सिंह वासी वार्ड नंबर नौ ज्वाहर नगर आदमपुर जिला जालंधर जो वर्तमान मे कपूरथला जेल में बंद है भी शामिल है। इसने ही कपूरथला जेल में बंद आरोपी जतिन्द्र सिंह उर्फ सोनू सूद के जाली कागजात तैयार किए हैं। इनके साथ कुलदीप सिंह उर्फ साबी वासी महितपुर थाना आदमपुर जिला जालंधर भी शामिल है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 420,465,,468,471,205,120 बी के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## भ्रष्टाचार व माफिया में पूरी तरह से लिप्त है मान सरकार-खैहरा

बरनाला 19 अप्रैल (निस) लोकसभा हलका संगरूर से कांग्रेस प्रत्याशी सुखपाल सिंह खेहरा ने मान सरकार पर निशाना साधा है। उन्?होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की भगवंत मान सरकार भ्रष्टाचार व माफिया में पूरी तरह से लिप्त है। आम आदमी पार्टी ने करोड़ों रुपए लेकर पंजाब से बाहरी लोगों को राज्यसभा सदस्य बनाया पंजाब में गैर पंजाबियों को सरकारी नौकरियां दी जा रही है। सुखपाल खेहरा ने कहा कि जिस सिद्धांत को लेकर आम आदमी पार्टी ने सरकार बनाई थी अब पार्टी उन्हीं सिद्धांतों से विमुख हो गई है। अगर कोई सरकार से सवाल पूछता है तो उस पर केस दर्ज करके उसे जेल में बंद कर दिया जाता है। आम आदमी पार्टी कहती थी कि हम वीआईपी कल्चर नहीं लेंगे परंतु अब भगवंत मान के परिवार के साथ 1000 कर्मचारी सुरक्षा के लिए चलते हैं। केवल आम आदमी पार्टी ऐसी पार्टी है जिसने अपने पांच मंत्रियों को लोकसभा चुनाव में उतारा है क्योंकि इस पार्टी के पास चुनाव लड़ने के लिए प्रत्याशी ही नहीं है।

# चुनाव को लेकर पंजाब पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च, एसएसपी बोले- शरारती तत्वों पर कड़ी नजर

मुक्तसर साहिब 19 अप्रैल (निस) लोकसभा चुनाव को लेकर एसएसपी भागीरथ सिंह मीना के निर्देशों अनुसार जिले में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। जिसके तहत अलग-अलग पुलिस टीमों का गठित कर नाकाबंदी की जा रही है और पीसीआर मोटरसाइकिल पुलिस पार्टी द्वारा दिन-रात गश्त की जा रही है। इन जिलों में निकाला गया मार्च-जिले के सब डिवीजन मलोट, गिद्दड़बाहा, लंबी और श्री मुक्तसर साहिब में फ्लैग मार्च निकाला गया। यह फ्लैग मार्च एसएसपी भागीरथ सिंह मीना के नेतृत्व में निकाला गया। इस मौके पर एसपी एच कंवलप्रीत सिंह, एसपी डी मनमीत सिंह ढिल्लो, डीएसपी सतनाम सिंह डीएसपी श्री मुक्तसर साहिब उपस्थित रहे। वहीं डीएसपी जसबीर सिंह गिद्दड़बाहा, डीएसपी लंबी फतेह सिंह बराड़, डीएसपी पवनजीत मलोट और जिला श्री मुक्तसर साहिब पुलिस स्टेशन के सभी मुख्य अधिकारी और बीएसएफ अर्धसैनिक बल के साथ लगभग 500 पुलिस अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित थे। **एसएसपी मीना ने दी पूरी जानकारी**-सब डिवीजन मलोट में फ्लैग मार्च डीएवी स्कूल से शुरू होकर मेन बाजार, इंदिरा रोड, सिविल अस्पताल मलोट से बठिंडा चौक, गांव मलोट, मलवाला, कटोरेवाला, जंडवाला चढ़त सिंह, दानेवाला चौक से बठिंडा चौक पर समाप्त हुआ। इस अवसर पर एसएसपी भागीरथ सिंह मीना ने जानकारी देते हुए बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लोगों के बीच सौहार्द बनाए रखने के लिए जिले के उपमंडलों में फ्लैग मार्च निकाला गया ।मीना ने कहा कि राजस्थान में लोकसभा चुनाव हो रहे हैं, जिसके चलते जिले से लगती राजस्थान की सीमाएं पूरी तरह से सील कर दी गई हैं। इसके साथ ही पुलिस की विभिन्न इकाइयों द्वारा गश्त की जांच भी की

# 32 बोर की पिस्टल एवं देसी कट्टे के साथ खतरनाक बंबीहा गैंग का गुर्गा गिरफ्तार

फगवाड़ा 19 अप्रैल (निस) जिला कपूरथला की एस.एस.पी. वत्सला गुप्ता के नेतृत्व में फगवाड़ा पुलिस ने अवैध असले की बरामदगी की है। आज फगवाड़ा में पत्रकारों से वार्तालाप करते हुए एस.पी. रुपिंदर कौर भट्टी ने डी.एस.पी जसप्रीत की मौजूदगी में बताया कि पुलिस ने खतरनाक बंबीहा गैंग के एक गुर्गे से की गई सख्ती से पूछताछ के दौरान उसके घर से एक पिस्तौल .32 बोर और एक देसी पिस्तौल बरामद की है। एस.पी. भट्टी ने बताया कि बीते दिनों फगवाड़ा पुलिस ने दिलदार सिंह पुत्र हरबंस सिंह वासी गांव जेठुवाल थाना कंबोआ जिला अमृतसर को गिरफ्तार कर उसके हवाले से एक पिस्तौल और जिंदा कारतूस, करीब 9,80,000 रुपए कैश बरामद किया था। दौराने पूछताछ आरोपी दिलावर सिंह ने खुलासा किया कि उसने उक्त अवैध असला विशाल उर्फ विक्की पुत्र साब जो बंबीहा गैंग का सक्रिय गैंगस्टर है से लिए हैं। इसके उपरांत फगवाड़ा पुलिस ने पहले से ही जेल में बंद आरोपी विशाल उर्फ विक्की को जिला जेल कुरुक्षेत्र हरियाणा से अदालत के आदेश पर 5 दिनों के प्रोडक्शन वारंट पर प्राप्त किया और जब उससे सख्ती से पूछताछ की गई तो उसने खुलासा किया कि उसके पास अभी भी अवैध असला उसके घर में रखा हुआ है।

फगवाड़ा पुलिस ने आरोपी विशाल उर्फ विक्की की निशानदेही पर उसके घर से एक पिस्तौल .32 बोर और एक देसी पिस्तौल बरामद की है। आरोपी विशाल ने बताया कि वह यह असला मध्यप्रदेश से पंजाब लेकर आता रहा है।

# संक्षिप्त समाचार

## भाखड़ा नहर के पुल पर हुआ भयानक हादसा, पलों में उजड़ी परिवार की खुशियां

पटियाला/समाना 19 अप्रैल (निस) समाना की भाखड़ा नहर पटियाला पुल के पास एक्टिवा सवार पति-पत्नी धार्मिक स्थान से माथा टेककर वापस अपने गांव जा रहे थे, जहां उनके साथ बड़ा हादसा हो गया। भाखड़ा पुल पर पीछे से आ रहे ट्रक ने एक्टिवा सवार पति-पत्नी को टक्कर मार दी जिसमें महिला की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उसके पति को भी गंभीर चोटें लगी हैं। समाना सिटी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हादसे की जांच शुरू कर दी है। आपको बता दें कि रविवार को भी इसी घग्गा रोड पर ट्रक यूनियन के पास एक मोटरसाइकिल सवार को टिप्पर ने टक्कर मार दी थी, जिसकी मौके पर मौत हो गई थी। इस दर्दनाक घटना के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। इस सड़क पर रेहड़ियों और ट्रकों के खड़े होने के कारण लगातकार हादसे बढ़ रहे है। लोगों ने मांग की है कि सड़को पर खड़ी रेहड़ियों और ट्रकों को हटाया जाए ताकि हादसे रोके जा सकें।

## नशे से बर्बाद हुआ एक और घर, 28 वर्षीय युवक की मौत

फरीदकोट 19 अप्रैल (निस) फरीदकोट के हलका कोटकपुरा में 28 वर्षीय युवक की नशे के कारण दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान मनिंदर सिंह पुत्र गुरदेव सिंह के रूप में हुई है। मनिंदर सिंह के चाचा सरबजीत सिंह ने बताया कि उसके दोनों भतीजे नशे के दलदल में फंसे हुए है। आज मनिंदर सिंह की मौत हो गई है और उसका छोटा भाई भी नशे के दलदल में फंसा हुआ है। सरबजीत सिंह ने बताया कि मनिंदर की तबीयत ज्यादा खराब होने के बाद उसके फरीदकोट के गुरु गोबिंद सिंह मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया था। पैसे न होने के कारण वह इलाज नहीं करवा सके तो डॉक्टरों द्वारा कहा गया कि वह मनिंदर को घर ले जाएं और उसकी सेवा करें। जब वह मनिंदर को घर लेकर आए तो उसकी मौत हो गई। मृतक मनिंदर लकड़ी वाले आरे पर काम करता था और उसका छोटा भाई भी उसके साथ ही काम करता था। उनकी मां की पहले ही मौत हो चुकी है और पिता काफी बुजुर्ग हैं। परिवार द्वारा सरकार से मदद की गुहार लगाई गई है।

## ट्रैवल एजेंट का कारनामा, अमेरिका भेजने का झांसा देकर ठगे लाखों

टांडा उड़मुड़ 19 अप्रैल (निस) होशियारपुर के एक युवक को अमेरिका भेजने का झांसा देकर 8 लाख रुपए की ठगी करने के आरोप में टांडा पुलिस ने एक ट्रैवल एजेंट के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने यह मामला धोखाधड़ी का शिकार हुए कृष्णा नगर होशियारपुर निवासी बलराज सिंह पावला की पत्नी कमलजीत कौर सैनी के बयानों के आधार पर दर्ज किया है। पुलिस को दिए बयान में कमलजीत सैनी ने कहा कि उन्होंने अपने बेटे हरगोबिंद सिंह पावला को अमेरिका भेजने के लिए उक्त ट्रैवल एजेंट को 17 लाख रुपए दिए थे, लेकिन ट्रैवल एजेंट ने उनके बेटे को अमेरिका भेजने की बजाय दुबई में ही रख लिया। जब उन्होंने अपने पैसे वापस मांगे तो उक्त ट्रैवल एजेंट ने उन्हें चेक दिए जो बाद में बाउंस हो गए। उन्होंने आगे कहा कि दी गई रकम में से उक्त ट्रैवल एजेंट ने उनके 8 लाख रुपए नहीं लौटाए। टांडा पुलिस ने अब मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## जम्मू पुलिस ने पकड़ा पंजाब का कुख्यात नशा तस्कर, 17 किलोग्राम भुक्की बरामद

साम्बा 19 अप्रैल (निस) नशीले पदार्थों के तस्करों के खिलाफ अपने अभियान को जारी रखते हुए साम्बा पुलिस ने पुलिस स्टेशन साम्बा के अधिकार क्षेत्र में एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से लगभग 17 किलोग्राम भुक्की बरामद की है ।जानकारी के अनुसार नड नाके पर वाहन चेकिंग के दौरान साम्बा थाना प्रभारी संदीप चाढ़क के नेतृत्व में पुलिस स्टेशन साम्बा की एक पुलिस पार्टी ने पंजीकरण संख्या एच.आर. 65-4255 वाले एक ट्रक को चेकिंग के लिए रोका।

**इन्द्रप्रीत कौर दर्दी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक भारत देश हमारा ने जेएसडी पब्लिकेशन्स प्रा. लिमि. पटियाला के लिए मोर्चा प्रिंटर्स, एससीओ 3-4, चौंक दुखनिवारण साहिब , सरहिंद रोड पटियाला से छपवाकर कार्यालय भारत देश हमारा गुरू हरिकृष्ण पब्लिक स्कूल बिल्डिंग, पुरानी प्रेस रोड , पटियाला से प्रकाशित किया।**

# दिल्ली गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने मेडिकल संस्थान में मुफ्त इलाज की सुविधा दी



नई दिल्ली, 19 अप्रैल (निस) दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी ने कई सालों से बंद पड़े बाला साहिब अस्पताल यानि गुरु हरिकृष्ण इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में 5 मई से ओपीडी सेवाएं शुरू करने का ऐलान किया है और यह भी कहा है कि अस्पताल में जरूरतमंदों को ओ.पी.डी. सेवाएँ नि:शुल्क प्रदान होंगी। आज यहां एक महत्वपूर्ण संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका और महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों ने कहा कि जब दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी के चुनाव हुए थे, तो हमारे विरोधियों ने गुरु हरिकृष्ण इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के कार्यों में बाधा डालने के लिए अदालतों सहित कई रणनीतियां अपनाईं जो सभी फेल हो गई। हमने समस्याओं का चरणबद्ध तरीके से समाधान किया और अब गुरु हरिकृष्ण इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में ओपीडी सेवाएं शुरू करने की तैयारी कर ली है तथा 5 मई को गुरु ग्रंथ साहिब के प्रकाश, गुरबाणी कीर्तन व अरदास के पश्चात सेवाएं शुरू की जाएंगी। उन्होंने यह भी बताया कि अस्पताल में आधुनिक मशीनरी लगाई जा रही है जिससे विभिन्न बीमारियों के इलाज में सुविधा होगी और पेशेवर डॉक्टर इस अस्पताल में अपनी सेवाएं देंगे। उन्होंने कहा कि इससे पहले बाला साहिब अस्पताल में मुफ्त डायलिसिस सेवा चल रही है और अब तक 75 हजार लोग इस सेवा से लाभान्वित हो चुके हैं। इस तरह से असंख्य मरीज गुरुद्वारा बंगला साहिब के चल रहे मेडिकल सेंटर में 50 रुपये में एमआरआई और सीटी स्कैन करा चुके हैं ।इस मौके पर उन्होंने यह भी बताया कि इस बार दिल्ली फतेह दिवस 27 और 28 अप्रैल को लाल किले पर मनाया जा रहा है, जिसमें पहले दिन कीर्तन दरबार होगा और अगले दिन गुरु की प्यारी निहंग सिंहों की फौज के जत्थे अपने जौहर दिखाएंगे। आयोजन के लिए पांचों तख्तों के जत्थेदार साहिबानों, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी सहित सभी पंथक संगठनों को निमंत्रण पत्र भेजे जा रहे हैं।

सवालों का जवाब देते हुए सरदार हरमीत सिंह कालका और सरदार जगदीप सिंह काहलों ने यह भी कहा कि शिरोमणि अकाली दल दिल्ली स्टेट ने आम चुनावों में सिख मुद्दों को हल करने वाले प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के समर्थन की घोषणा करने का मन बना लिया है, जिसकी औपचारिक घोषणा अगले सप्ताह की जाएगी, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करतारपुर साहिब कॉरिडोर की स्थापना की, छोटे साहिबजादों की याद में वीर बाल दिवस मनाना शुरू किया, 1984 के हत्यारों को सलाखों के पीछे भेजा, वहीं अन्य सिख मुद्दों का भी बड़े पैमाने पर समाधान किया गया है जिन्हें आज तक हल नहीं किया गया था।

# हत्यारिन को फांसी की सजा मिलने के बाद पीड़ित परिवार ने दी श्रद्धांजलि

लुधियाना 19 अप्रैल (निस) दिलरोज हत्याकांड में जज ने आरोपी नीलम को फांसी की सजा सुनाकर ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। वहीं आज बच्ची का पूरा परिवार उस जगह पर पहुंचा , जहां दिलरोज को जिंदा दफनाया गया था।



इंसाफ मिलने पर दिलरोज की फोटो लेकर पूरा परिवार उस जगह पहुंचा और फूल चढ़ा रहा है। मां-बाप वहां की मिट्टी को चूम-चूम कर रो रहे है। परिवार का कहना है कि वाहेगुरु दिलरोज को हमारे घर फिर से लेकर आए तांकि हमारा घर खुशियों से भर जाएं। बता दें कि जिला सत्र न्यायाधीश मुनीश सिंघल की अदालत ने स्थानीय एल्डिको एस्टेट वन के निकट वर्ष 2021 में एक 2 वर्ष 9 महीने के नाबालिग मासूम बच्ची दिलरोज के अपहरण और उसकी नृशंस हत्या के करने के आरोप में क्वालिटी रोड, शिमलापुरी, लुधियाना की महिला नीलम को आज फांसी की सजा सुनाई है ।जिला एवं सेशन जज मुनीश सिंघल की अदालत ने 12 अप्रैल को दोषी ठहराया था व सजा निर्धारित करने के लिए मामला आज के लिए स्थगित किया था। महिला आरोपी पर बच्ची को ज़मीन में जिंदा दफनाने के आरोप थे और दम घुटने से बच्ची की मौत हो गई थी।

बहस के दौरान, पीड़ित के वकील परुपकर घुम्मन व सरकारी वकील बी डी गुप्ता ने कहा था कि मासूम की हत्या पर कम से फांसी की सजा दी जानी चाहिए ।पीड़ित आरोपी का परिचित था, क्योंकि वह उसका पड़ोसी था। जिंदा दफनाए जाने के कारण बच्चे को हुई पीड़ा असामान्य है। दरअसल, आरोपी को पता था कि जिंदा दफनाए जाने पर मृतक की दम घुटने से मौत हो जाएगी और रेत/मिट्टी नाक, सांस की नली, फेफड़ों और फिर खून में और मुंह, आंख और कान में भी जा सकती है, जो इस मामले में हुआ। ऐसे मामलों में मौत बहुत दर्दनाक होती है क्योंकि मृतक सांस नहीं ले पाता। दरअसल, जिंदा दफनाए जाने की घटना भयानक मौत की सूची में काफी ऊपर है।

## बठिंडा में दिनदहाड़े 2 युवकों पर तेजधार हथियारों से जानलेवा हमला

बठिंडा 19 अप्रैल (निस) मंगलवार सुबह एक दर्जन के करीब हथियारबंद युवकों द्वारा माहेश्वरी चौक पर 2 युवकों पर जानलेवा हमला कर देने की खबर सामने आई है। इस हमले के कारण उक्त युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें सिविल अस्पताल के एमरजेंसी वार्ड में दाखिल करवाया गया है। दिन-दिहाड़े हुई इस वारदात से इलाके के लोगों में दशहत का माहौल है। बता दें कि पीड़ित युवकों के परिजनों ने आरोप लगाया कि उन्होंने थाना सिविल लाइंस पुलिस को पहले ही शिकायत दी थी, लेकिन पुलिस ने उक्त युवकों के खिलाफ कोई उचित कार्रवाई नहीं की है, जिसके कारण यह वारदात हुई। सिविल अस्पताल में उपचाराधीन कार्तिक सिंगला (16) आर्य नगर ने बताया कि मंगलवार को वह अपने दोस्त कुनाल गर्ग निवासी नामदेव रोड के साथ माहेश्वरी चौक तीनकोना पार्क के पास खड़ा था। इस दौरान 8-10 अज्ञात युवक तेजधार हथियार लेकर आए और उन पर जानलेवा हमला कर दिया। इसमें वह और उसका दोस्त कुनाल गर्ग गंभीर जख्मी हो गए। इसके साथ ही घायल कार्तिक सिंगला के मामा संजीव गोयल ने बताया कि उक्त युवकों के साथ पुराना झगड़ा चल रहा है, जिसके चलते कुछ दिन पहले भी हमलावरों ने उसके भांजे को मारने की धमकियां दी थीं, जिसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई थी, लेकिन पुलिस ने उनकी शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया, जिसके चलते आज आरोपियों ने उसके भांजे व उसके दोस्त पर जानलेवा हमला कर दिया।

## लोहा कारोबारी पर जानलेवा हमला

लुधियाना 19 अप्रैल (निस) ग्यासपुरा में इलाके में फैक्ट्री मालिक पर जानलेवा हमला होने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार गत रात्रि लोहा फैक्ट्री बंद कर घर लौट रहे मालिक पर जानलेवा हमला किया गया। बताया जा रहा है ग्यासपुरा में बीते रात लोहा फैक्ट्री बंद कर जवाहर लाल उनके 2 बेटे घर की ओर जाने लगे तो साथ पड़ोसी राधा आर्गो इंडस्ट्रीज के मालिक और उनके वर्करों ने जमकर मारपीट करनी शुरू कर दी। इस दौरान आरोपियों ने फैक्ट्री के बाहर खड़ी गाड़ी भी तोड़ दी। जानकारी के अनुसार इस हमले में कारोबारी की ऊंगली और बाजू पर फैक्कर हुए हैं। इस मामले की वीडियो भी सामने आई है जिसमें आरोपी सरेआम मारपीट करते दिखाई दे रहे हैं। इस घटना की जानकारी चौकी कंगनवाल पुलिस को दी गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए कारोबारी ने कहा कि सुआ रोड पर संडे मंडी लकड़ आरे वाली गली नजदीक उनकी फैक्ट्री है। रात में जब वह फैक्ट्री से घर जाने लगे तभी उनके पड़ोसी और उसके वर्करों ने उन पर हमला कर दिया। मालिक के बेटों ने कहा की तेजधार हत्यारों से उन पर हमला किया गया। जवाहर ने कहा कि उनकी फैक्ट्री के बाहर गाड़िया खड़ी रहती है। पहले भी किए बार गाड़ी को पार्क न करने के लिए समझाया गया जिसके बावजूद भी अपनी गुंडागर्दी दिखने से न बाज आया जिसकी शिकायत पुलिस को दी गईं। हमलावरों की संख्या करीब 40 से 50 बताई जा रही है।

## पहले चरण का मतदान संपन्न....

**( पृष्ठ एक का शेष )**कुछ घंटों में चुनावी हिंसा, मतदाताओं को धमकाने और चुनाव एजेंटों पर हमलों संबंधी क्रमश॰ 80 तथा 39 शिकायतें दर्ज करायी हैं। हिंसा प्रभावित मणिपुर में करीब 45.68 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। इनर मणिपुर लोकसभा सीट के तहत आने वाले थोंगजु विधानसभा क्षेत्र में स्थानीयों और अज्ञात व्यक्तियों के बीच वाद-विवाद हो गया।

**छत्तीसगढ़**-छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के पहले चरण में नक्सल प्रभावित बस्तर लोकसभा सीट पर तीन बजे तक 58.14 फीसदी से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। राज्य के बीजापुर जिले में नक्सलियों द्वारा लगाए गए एक आईईडी में विस्फोट होने से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का जवान घायल हो गया।

**तमिलनाडु**-तमिलनाडु में सभी 39 लोकसभा सीटों पर तीन बजे तक 40 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया है। श्रीपेरुम्बुदूर लोकसभा क्षेत्र के तहत आने वाले तम्बाराम के समीप एक मतदान केंद्र तथा कुछ अन्य मतदान केंद्रों में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में तकनीकी खामी के कारण मतदान में करीब एक घंटे की देरी हुई। अरुणाचल प्रदेश में कुल 8,92,694 मतदाताओं में से 53 प्रतिशत ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। खराब मौसम के कारण सुबह के समय मतदान का प्रतिशत सामान्य था, लेकिन मौसम की स्थिति में सुधार के साथ इसमें तेजी आई।

मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) पवन कुमार साईं ने बताया कि राज्य के कुछ मतदान केंद्रों पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) में तकनीकी खराबी आने के कारण मतदान में देरी हुई, जिन्हें बाद में बदल दिया गया।

## पीएम मोदी....

**( पृष्ठ एक का शेष )**

रखा। ये लोग सेनाओं के लिए हथियार खरीदने में भी अपना स्वार्थ देखते हैं। उन्होंने कहा कि पूरे देश ने देखा कि कैसे इन लोगों ने पूरी ताकत लगा दी कि वायुसेना को राफेल लड़ाकू विमान न मिल पाए। कांग्रेस की सरकार रही होती तो तेजस फाइटर प्लेन भी आसमान की बुलंदियां नहीं देख पाता। मोदी ने कहा कि ये भाजपा सरकार है जो हमारी सेनाओं को आत्मनिर्भर बना रही है। भारत की पहचान अब दूसरे देशों को हथियार निर्यात करने वाले देश की बन रही है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि हर परिवार के लिए राशन और इलाज का खर्च मायने रखता है। इसी को ध्यान में रखते हुए मोदी ने आने वाले 5 वर्ष तक मुफ्त राशन की सुविधा बढ़ा दी है। ये मुफ्त राशन इसलिए, ताकि गरीब के घर का चूल्हा जलता रहे। आयुष्मान योजना ने भी गरीबों के लाखों रुपये खर्च होने से बचाएं हैं। अब मोदी ने गारंटी दी ही कि अब गरीबों के साथ साथ हमारे देश का कोई भी व्यक्ति जो 70 साल से ऊपर का है, ऐसे बुजुर्गों को भी मुफ्त इलाज की योजना का लाभ मिलेगा।

**केजरीवाल...**

वकील रमेश गुप्ता ने कहा कि मैं पहली बार देख रहा हूं? कि जेल अधिकारियों की तरफ से भी विशेष अधिवक्ता उपस्थित हैं। आम आदमी ही आम खा रहा है। ?आम आदमी आम नहीं खाएगा तो क्या मशरूम खाएगा?

**डॉक्टरों ने कई चीजें खाने से मना किया॰ईडी**

ईडी की तरफ से पेश वकील जोहेब हुसैन ने कहा कि केजरीवाल के लिए निर्धारित आहार देखें। इसमें किसी मिठाई या फल या मीठी वस्तु का कोई संदर्भ नहीं है। इसी आधार पर यह प्रस्तुतिकरण किया गया है। उस सीमित प्रस्तुतिकरण पर रिपोर्ट मंगाई गई। आप एक बार अपने डॉक्टर द्वारा निर्धारित आहार देखें। देखकर ही समझ आता है कि इसमें बहुत सी चीजें प्रतिबंधित हैं।

### मेडिकल बोर्ड को जांच करने दीजिए॰ईडी

हुसैन ने कहा कि प्रिस्क्रिप्शन के आधार पर अब कुछ वर्षों से केजरीवाल का इंसुलिन लेना बंद हो गया है। जब केजरीवाल डॉक्टर से मिले तो उन्होंने खुद यह बात कही। इस पर सिंघवी ने कहा- नहीं, नहीं। फरवरी 2024 में आखिरी बार ली थी? तब ईडी ने कहा- क्या मैं एक सुझाव दे सकता हूं? न तो सिंघवी और न ही मैं विशेषज्ञ हैं। एम्स के डॉक्टरों को विचार करने दीजिए। याचिकाकर्ता कैसे विचार कर सकता है?